

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 147

ग्वालियर, शनिवार, 17 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## बालिका वधू फेम सुरेखा सीकरी का 75 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन

**मुंबई।** गुजरे जमाने की अभिनेत्री और हाल के दिनों में टीवी सीरियल बालिका वधू और बॉलीवुड फिल्म बधाई हो में अपने अभिनय के कारण चर्चा में रहीं सुरेखा सीकरी का निधन हो गया है। 75 साल की उम्र में हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हुआ। सुरेखा सीकरी ने तीन राष्ट्रीय पुरस्कार और फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते हैं। बालिका वधू में सुरेखा सीकरी ने एक कड़क दादी सास (कल्याणी देवी) का किरदार निभाया था, जो खासा लोकप्रिय हुआ था। सुरेखा सीकरी का जन्म 19 अप्रैल 1945 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत की थी।1978 में पॉलिटकल ड्रामा फिल्म किस्सा कुर्सा का से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। दुखद समाचार की पुष्टि करते हुए उनके मैनेजर ने बताया, 3 बार की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सुरेखा सीकरी का शुक्रवार सुबह 75 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह मस्तिष्क आघात से जुड़ीं अन्य समस्याओं से पीड़ित थीं। पूरा परिवार उनकी देखभाल कर रहा था। परिवार इस समय प्राइवेसी चाहता है। ओम साई राम। सुरेखा सीकरी ने थिएटर, फिल्मों और टेलीविजन में काम किया है। उन्हें तमस (1988), मम्मो (1995) और बधाई हो (2018) सहित तीन बार सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला।

## पंत मामले पर गांगुली की सफाई

### बीसीसीआई प्रेसिडेंट ने कहा- हर समय मास्क पहने रहना संभव नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने ऋषभ पंत पर सफाई दी है। उन्होंने बिना मास्क के यूरो कप टूर्नामेंट में मैच देखने पहुंचे पंत के लिए कहा कि हर वक्त मास्कर पहनकर रहना संभव नहीं है। पंत वेम्बली में इंग्लैंड और जर्मनी का प्री-क्वार्टरफाइनल मैच देखने पहुंचे थे। इसके बाद 8 जुलाई को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उनके साथ ही टीम इंडिया के थ्रो-डाउन एक्सपर्ट दयानंद गरानी की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। सौरभ ने न्यूज-18 से बातचीत में कहा कि हमने इंग्लैंड में यूरो कप और विम्बलडन दोनों टूर्नामेंट में देखा कि फैंस को लेकर नियमों में काफी बदलाव किए गए। अब भारी संख्या में दर्शक मैच देखने स्टेडियम पहुंच रहे हैं। भारतीय टीम भी 20 दिन की छुट्टी पर थी। ऐसे में मास्क पहनकर रहना संभव नहीं है। पंत को आइसोलेशन में 8 दिन बीत चुके हैं और पॉजिटिव आने के बाद से उनकी 2 रिपोर्ट निगेटिव आ चुकी है। हालांकि, उन्हें 7 दिन और लंदन में ही बिताना होगा। वहीं, दयानंद के संपर्क में आए बॉलिंग कोच भरत अरुण, ऋद्धिमान साहा और ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन को भी आइसोलेट कर दिया गया है। यह सभी लंदन में सख्त क्वारैंटाइन नियमों का पालन कर रहे हैं। टीम इंडिया गुरुवार को डरहम पहुंच गई। वहीं, पंत, दयानंद, भरत, साहा और अभिमन्यु को टीम इंडिया के साथ डरहम नहीं भेजा गया। यह सभी लंदन में ही रहेंगे। 10 दिन के आइसोलेशन और 2 निगेटिव ऋञ-क्कक्र टेस्ट के बाद ही इन्हें डरहम बुलाया जाएगा। भारत को 20 जुलाई से काउंटी-ङ्कढ्ढ के खिलाफ प्रैक्टिस मैच खेलना है। इसके बाद टीम एक और प्रैक्टिस मैच खेलेगी।

## महाराष्ट्र में हेलिकॉप्टर क्रैश

# जलगांव के जंगलों में एविएशन एकेडमी का एयर क्राफ्ट क्रैश

### फ्लाइट इंस्ट्रक्टर की मौत; महिला ट्रेनी पायलट गंभीर

महाराष्ट्र के जलगांव में शुक्रवार को एविएशन एकेडमी एक एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। यह हादसा वर्दी शिवारा के पास चोपड़ा तालुका के जंगलों में शाम 4.30 बजे हुआ। इसमें फ्लाइट इंस्ट्रक्टर की मौत हो गई है, वहीं एक महिला ट्रेनी पायलट गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला पायलट का नाम अंशिका गुर्जर है। एयक्राफ्ट क्रैश होने के बाद स्थानीय आदिवासी सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ही घायल ट्रेनी महिला पायलट को एयरक्राफ्ट के मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। साथ ही दम तोड़ चुके फ्लाइट इंस्ट्रक्टर के शव को भी एयरक्राफ्ट से निकाला।

घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की टीम और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसा जिस जगह हुआ, वहां सतपुड़ा रेंज के जंगल हैं। यह इलाका राम



तलाव नाम से जाना जाता है। जंगल के बीच एयरक्राफ्ट के मलबे को हटाने में परेशानी हो रही है। फिलहाल एयरक्राफ्ट क्रैश होने की वजह पता नहीं चल सकी है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जांच के आदेश दिए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पर हादसे की जानकारी देते हुए कहा कि एयरक्राफ्ट महाराष्ट्र की प्राइवेट NMIMS एविएशन अकादमी का है। हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## तीसरी लहर की आहट पर मोदी की चेतावनी

# प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र, केरल में कोरोना के केस बढ़ने पर चिंता जताई; देश के 80% मामले छह राज्यों से हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कोरोना की स्थिति पर चर्चा की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस मीटिंग में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और केरल के मुख्यमंत्री शामिल हुए। मोदी ने कहा, %हमें टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टीके पर ध्यान देना होगा। जिन राज्यों में केस बढ़ रहे हैं, उन्हें प्रोएक्टिव मेजर लेते हुए तीसरी लहर की आशंका को रोकना होगा। मोदी ने कहा कि शुरुआत में विशेषज्ञ ये मान रहे थे कि जहां से सेकंड वेव की शुरुआत हुई थी, वहां स्थिति पहले नियंत्रण में होगी। लेकिन महाराष्ट्र और केरल में केसेस में इजाफा देखने को मिल रहा है। ये वाकई हम सबके लिए, देश के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। बता दें देश में कोरोना के एक्टिव केसों में 80 प्रतिशत उन्हीं राज्यों से हैं जिनसे मोदी ने चर्चा की है। प्रधानमंत्रीने कहा, एक्सपर्ट्स बताते हैं कि लंबे समय तक केस बढ़ने से कोरोना के वायरस में म्यूटेशन की आशंका बढ़ जाती है, नए वायरस का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए तीसरी लहर को रोकने के लिए कदम उठाने जरूरी हैं। इस दिशा में वही करना है, जो पहले राज्य कर चुके हैं। टेस्टेड एंड प्रूवन मेथर्ड है।



### दुनिया का पहला केस

## कोरोना के दो वैरिएंट से कोरोना सक्रमित महिला की 5वें दिन मौत

**आल्स्तो।** बेल्जियम के आल्स्तो शहर के एक अस्पताल में पिछले दिनों एक महिला पहुंची। वह बार-बार संतुलन खोकर गिर रही थी। हालांकि उसकी सांस ठीक चल रही थी। ऑक्सीजन लेवल भी 94 प्रतिशत से ज्यादा था, लेकिन जांच में वह एक नहीं बल्कि कोरोना के दो अलग वैरिएंट यानी दो अलग तरह के कोरोना से संक्रमित निकली। कुछ घंटों बाद ही उसके फेफड़े तेजी से बेकार होने लगे और पांचवें दिन उसकी मौत हो गई। महिला कोरोना के अल्फा और बीटा वैरिएंट से संक्रमित थी। इन दोनों को ङ्ख॥ह्र दिसंबर 2020 में फ्रवैरिएंट ऑफ कन्सर्नफ्र घोषित कर चुका है। दरअसल, यह दुनिया का पहला ऐसा मामला है जिसमें किसी को दो वैरिएंट से यानी डबल इंफेक्शन हुआ। साइंटिस्ट इसे कोरोना का एक नया प्रकार मान रहे हैं। पिछले शनिवार को यूरोपियन कांग्रेस ऑफ क्लिनिकल माइक्रो-बायोलॉजी एंड इंफेक्शियस डिजीज में साइंटिस्ट्स ने इस अनोखे मामले पर चर्चा की। एक्सपर्ट्स का कहना था कि डबल इंफेक्शन को लेकर दुनिया को अलर्ट रहने की जरूरत है।

### जहां केस ज्यादा, वहां निगरानी भी ज्यादा

प्रधानमंत्री ने राज्यों को सलाह दी है कि माइक्रो कंटेनमेंट जोन पर हमें तेजी से काम करना होगा। जहां केस ज्यादा आ रहे हैं, वहां निगरानी भी ज्यादा होनी चाहिए। जब मैं नॉर्थ ईस्ट के मुख्यमंत्रियों से बात कर रहा था तो पता चला कि कुछ राज्यों ने लॉकडाउन ही नहीं किया, वहां माइक्रो कंटेनमेंट जोन पर ध्यान दिया गया।

### कोविड फंड का इस्तेमाल कर हेल्थ सुविधाएं बढ़ाएं

मोदी ने कहा कि देश के सभी राज्यों में नए आईसीयू बेड बनाने, टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने और दूसरी सभी जरूरतों के लिए फंड उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में 23 हजार करोड़ से ज्यादा का इमरजेंसी कोविड फंड जारी किया है। इसका उपयोग हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आईटी सेक्टर में कॉल सेंटर जैसी सुविधा मजबूत करना भी जरूरी है। इससे डेटा ट्रेकिंग करने में आसानी होती है। कोरोना की स्थिति पर 4 दिन में यह मोदी की दूसरी बैठक है। इससे पहले मंगलवार को मोदी ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मीटिंग की थी। इस में राज्यों में कोरोना की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने माइक्रो लेवल पर कड़े कदम उठाने की सलाह दी थी।


### देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 39071 मरीज मिले

देश में कोरोना के नए केस और ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में अंतर लगभग स्थिर है। यानी जितने केस आ रहे हैं उससे कुछ कम या कुछ ज्यादा मरीज ठीक हो रहे हैं। बीते 24 घंटे में 39,071 नए मरीज मिले, 39,827 ठीक हुए और 544 ने जान गंवाई। गुरुवार को मौत का आंकड़ा बीते 101 दिन में सबसे कम रहा। इससे पहले इसी साल 5 अप्रैल को 446 संक्रमितों की मौत हुई थी। एक्टिव केस में भी एक दिन की बढ़त के बाद उछाल आया है। बुधवार को इसमें 1,874 की बढ़ोतरी हुई थी तो वहीं, गुरुवार को इसमें 1,316 की कमी आई। अब देश में 4.24 लाख मरीजों का इलाज चल रहा है।

## सोनिया-सिद्धू के बीच 1 घंटे चली मुलाकात, सस्पेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब कांग्रेस में झगड़ा बढ़ गया है। नवजोत सिंह सिद्धू शुक्रवार को पटियाला से दिल्ली आए और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले। दोनों नेताओं के बीच करीब 1 घंटा चर्चा चली। इस दौरान पंजाब प्रभारी हरीष रावत भी मौजूद रहे। बैठक खत्म करने के बाद जब सिद्धू बाहर निकले तो उन्होंने मीडिया से बात करने से इन्कार कर दिया। कहा जा रहा है कि सिद्धू की पार्टी आलाकमान के साथ यह फाइनल मीटिंग होगी। यानी आज कोई बड़ा फैसला हो सकता है। उम्मीद है कि नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को यह फैसला कितना रास आएगा, इस पर सभी की नजर टिकी हुई है। कहा जा रहा है कि नवजोत सिंह सिद्धू को प्रियंका वाड्रा का साथ मिला है। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली से लेकर चंडीगढ़ तक गहमागहमी रही। गुरुवार को जैसे ही खबर आई कि नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा सकता है, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नाराजगी जताई। इसके बाद देर शाम नवजोत सिंह सिद्धू और कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने-अपने समर्थक विधायकों की बैठक बुलाई।



### 2017 में हुआ था ऐसा कुछ

पंजाब में 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले इसी तरह की परिस्थितियों में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस आलाकमान को मजबूर कर दिया था और अपने जाने माने विरोधी प्रताप सिंह बाजवा की जगह पीपीसीसी चीफ नियुक्त हो गए थे। ऐसा ही हुआ और कैप्टन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद मिल गया और बाद में राहुल गांधी ने भी चुनाव से ऐन पहले उन्हें सीएम चेहरे के रूप में घोषित कर दिया। अब सिद्धू की रणनीति भी ऐसी ही लग रही है। यानी कहा जाए कि नवजोत सिंह सिद्धू की नजर पंजाब सीएम की कुर्सी पर है तो गलत नहीं होगा।

# कंधार में भारतीय पत्रकार दानिश सिद्दिकी की हत्या, तालिबान पर शक

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में रिपोर्टिंग कर रहे भारतीय पत्रकार दानिश सिद्धिकी की हत्या कर दी गई है। इस मामले में तालिबानी आतंकियों पर शक जताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जर्नलिस्ट दानिश सिद्दकी लंबे समय से अफगानिस्तान में रिपोर्टिंग कर रहे थे और उन्हें फोटोग्राफी के लिए पुलित्जर अवार्ड भी मिला था। अफगानिस्तान के टीवी चैनल टोलो न्यूज के संपादक लोतफुल्ला नजफिदा ने दानिश सिद्दकी की मौत की पुष्टि की है। संपादक लोतफुल्ला नजफिदा ट्विटर पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा है कि ये सुनकर गहरा आघात लगा है कि मेरे भारतीय दोस्त, पुलित्जर अवार्ड विजेता पत्रकार दानिश सिद्दकी की कंधार में हत्या कर दी



गई है। वो अफगानिस्तान सुरक्षा बलों के साथ थे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हम दोनों बीते सप्ताह ही मिले थे और उन्होंने मुझे अपने घर-परिवार और अपने बच्चों के बारे में जानकारी दी थी। दानिश सिद्दकी ने रोहिंग्या शरणार्थियों ले लेकर भारत में कोरोना महामारी के दौरान शानदार काम किया था। दानिश सिद्धिकी एक इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी के साथ काम कर रहे थे और लंबे समय से अफगानिस्तान समस्या को कवर कर रहे थे। दानिश सिद्दकी की मौत से भारतीय मीडिया जगत सकते में आ गया है. दानिश सिद्धिकी को फोटोग्राफी के लिए विश्वभर में सम्मानित पुलित्जर अवार्ड मिल चुका था।

दानिश सिद्धिकी की हत्या के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। सूत्रों के मुताबिक तालिबान के आतंकियों ने कंधार में रिपोर्टिंग के दौरान दानिश सिद्धिकी की हत्या कर दी है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना की वापसी के साथ ही अफगानिस्तान में तालिबानी लड़ाके फिर सक्रिय हो गए हैं और कंधार प्रांत के अधिकांश हिस्से पर तालिबान ने कब्जा जमा लिया है।

### दिल्ली की जामिया मिल्लिया से ग्रैजुएट थे सिद्दीकी

दानिश मुंबई के रहने वाले थे। उन्हें रॉयटर्स के फोटोग्राफी स्टाफ के साथ पुलित्जर अवॉर्ड दिया गया था। उन्होंने दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स में ग्रैजुएट किया था। 2007 में उन्होंने जामिया के मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर से मास कम्युनिकेशन की डिग्री ली थी। उन्होंने टेलीविजन से अपना करियर शुरू किया और 2010 में रॉयटर्स से जुड़े। इसी हफ्ते जब तालिबान ने कंधार के स्पिन बोल्डक पर कब्जा किया तो स्पेशल फोर्सेस के साथ लगातार उसकी मुठभेड़ शुरू हो गईं। पिछले कई दिनों से दोनों के बीच भीषण संघर्ष जारी है। दानिश इसी मिशन को कवर कर रहे थे।

### अभी साफ नहीं कि किन हालात में हुई दानिश की मौत

अफगानिस्तान के एम्बेस्डर फरीद मामुन्दजई ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। हत्या किसने की और इसकी वजह क्या थी, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं सामने आई है। फरीद मामुन्दजई ने ट्वीट में लिखा- कंधार में गुरुवार रात दोस्त दानिश की हत्या कर दी गई। इस घटना से बहुत दुखी हूं। भारतीय जर्नलिस्ट और पुलित्जर पुरस्कार विजेता दानिश सिक्युरिटी फोर्सेस के साथ थे। मैं उनसे 2 हफ्ते पहले मिला था, तब वो काबुल जाने वाले थे। उनकी फैमिली के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### यशोधरा राजे ने अपने पिता महाराज जीवाजीराव सिंधिया को दी विनम्र श्रद्धांजलि



शिवपुरी। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और मध्यप्रदेश सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अपने स्वर्गीय पिता ग्वालियर राज्य के अंतिम महाराजा जीवाजीराव सिंधिया को उनकी पुण्यतिथि पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। यशोधरा राजे ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि 16 जुलाई 1961 के दिन मेरे पूज्य पिता इस संसार को छोड़कर चल बसे थे। उस समय में बहुत छोटी थी और पिता शब्द का ठीक से अर्थ भी नहीं समझ पाई थी आज जब मैंने पिता शब्द के अर्थ को समझा तो क्या त्रासदी है कि पता नहीं है उनकी अब सिर्फ यादें ही शेष हैं पुण्यतिथि पर श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया ने अपने पिता को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### राज्यमंत्री श्री धाकड़ 22 एवं 23 जुलाई को दतिया में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे

**शिवपुरी।** लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री श्री सुरेश धाकड़ 22 एवं 23 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास के दौरान दतिया जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री धाक? 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे पोहरी से दतिया जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। अपराह्न 3 बजे मां पीताम्बरा माई के दर्शन करेंगे। अपराह्न 4 बजे स्थानीय कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेंगे। शाम 5.30 बजे सर्किट हाउस दतिया में जनता से भेंट करेंगे। शाम 6.30 बजे दतिया से ओरछा के लिए प्रस्थान करेंगे। ओरछा में रात्रि विश्राम उपरांत 23 जुलाई को प्रातः 8.30 बजे ओरछा में रामलला के दर्शन करेंगे। प्रातः 10 बजे ओरछा से दतिया प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11 बजे मां पीताम्बरा माई के दर्शन करेंगे। प्रातः 11.30 बजे जनता एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। दोपहर 12 बजे जिला योजना समिति की बैठक में भाग लेंगे। अपराह्न 3.30 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5.30 बजे दतिया से पोहरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक के लिए जिला एवं मंडल प्रभारी घोषित आज होगी बैठक

शिवपुरी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने मंडल कार्यसमिति के लिए जिला प्रभारी सोनू बिरथरे, जडेल सिंह गुर्जर को नियुक्त किया है। श्री बाथम ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यसमिति बैठकें आगामी 16 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक सभी मंडलों में आयोजित की जाएंगी जिसके लिए प्रत्येक मंडल में मंडल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिनकी आवश्यक बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कोठी नंबर 1 पर आज दोपहर 2ः00 बजे रखी गई है। जिसमें जिला प्रभारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री अपेक्षित रहेंगे ।

### इन फीडरों पर आज बंद रहेगी बिजली

शिवपुरी। आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. विष्णु मंदिर सेलिंग क्लब एवं 33 के.व्ही.भैसाना फीडर पर आज बिजली बंद रहेगी। आज उक्त फीडरों के बंद रहने से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फक्क? कॉलोनी, विष्णु मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, सैलिंग क्लब, करोंदी, द्वारिकापुरी एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 केव्ही भैसाना फीडर के बंद रहने से 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र भैसाना एवं झिरी से जु? समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### फिल्म दिखाकर लोगों को बताए मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के तरीके


**शिवपुरी।** जिले को डेंगू एवं मलेरिया मुक्त बनाने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के विकासखंड पिछोर के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिरवाहा में आज लोगों को फिल्म प्रदर्शनी के माध्यम से डेंगू मलेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया कि डेंगू एवं मलेरिया एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है जिसका समय पर इलाज न होने पर ये घातक हो सकती है। इसके बचाव के लिए अपने घरों के आसपास कहीं भी किसी भी प्रकार का कोई पानी जमा न होने दें, जो पानी घर पर रखा है उसको ढक कर रखें। एंबेड परियोजना के जिला समन्वयक दीपक जौहरी के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए मच्छर के जीवन काल को समझाया और इसको नष्ट करने की पूरी विधि बताई।


### आई.सी.ए.आर. के 93 वें स्थापना दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ वृक्षारोपण


**शिवपुरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र के पिपरसमां रोड शिवपुरी पर स्थित कैंपस में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 93 वे स्थापना दिवस के अवसर पर 21 वृक्षों का रोपण किया गया। इस वर्ष भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर देश में समस्त अनुसंधान संस्थानों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों में ''हर मे? पर पे?'' की थीम को अपनाते हुए वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर करंज, सहजन, गुलमोहर, कदम, नीम एवं जामुन वृक्षों के कुल 21 पौधों का रोपण किया गया। रोपण उपरांत केन्द्र के सभी वैज्ञानिकों ने जिले में संचालित वृक्षारोपण के महाअभियान अंकुर के अंतर्गत वायुदूत एप डाउनलोड कर एप पर रोपित पौधों के फोटो भी अपलोड किए गए।

# पंचायतों में भ्रष्टाचार की लंबी कतार सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और सप्लायर मिलकर कर रहे भ्रष्टाचार

### सचिव ने लाखों रुपये की राशि को हजम करने के लिए डाले व्यय व्हाउचर बिल




**शिवपुरी।**
जनपद के पंचायतों में बैठे हर अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत के सरपंच-सचिवों ने भ्रष्टाचार के इस हमाम में ऐसी डुबकी लगाई की अब वो इससे निकलने को तैयार ही नहीं है। जनपद पंचायत शिवपुरी कि ग्राम पंचायत सुरवाया ऐसी ग्राम पंचायत है जहां पंचायत में शासकीय राशि में जमकर बंदरबांट की गई। सूत्रों की माने तो पंचायत में सीसी सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक ने जमकर चांदी काटी है।

### व्यय व्हाउचर सप्लायर सचिव ने लाखो के व्यय बिल डाले

सुरवाया में सामग्री खरीदी के नाम पर हर वो चीज खरीदी जा रही है, जो पंचायत को चाहिए, बीते 3 वर्षो के दौरान सुरवाया पंचायत में लगे और भुगतान किए हुए व्हाउचर बिलों पर नजर डाले तो व्यय व्हाउचर के संचालक सचिव ने इस दौरान ईंट, रेत, गिट्टी, मुरूम,लोहा से लेकर हर ऐसी वस्तुओं के बिल डाले हैं, जबकि सरपंच-सचिव ने लाखों के व्हाउचर तो डाल दिए लेकिन सामग्री दुकानदार से खरीदी ही नहीं। सिर्फ कमीशन लेकर सचिव ने सरपंच समिति के खातें में फर्जी भुगतान कर दिया गया है।

### लाखो का टर्न ओव्हर

पंचायतों में कई सप्लायर होते है जो विभिन्न प्रकार की सामग्री का सप्लाई करते है और इनका टर्न-ओव्हर बिना किसी खरीदी के सिर्फ बिक्री में ही प्रतिमाह लाखो को छू रहा है। पढ?र यह जरूर अचंभित करने वाली बात लगती है, लेकिन पंचायत विभाग के दस्तावेज इन बातों की पुष्टि करते हैं कि कई सप्लायर ऐसा है जिनके लाखो के फर्जी बिल का भुगतान पंचायते बखूबी करती है।

### शासन के कर की चोरी

जीएसटी लागू होने से पहले के करोड़ों के भुगतान को नजर अंदाज कर भी दिया जाये तो जुलाई 2017 के बाद से अब तक पंचायत के खातों से इन फर्मों में करोड़ों रूपये ट्रांसफर हुए हैं। जिस हिसाब से फर्जी बिल लगाये गये और बिक्री दर्शा कर आहरण किया गया, उस अनुपात में 5 से 10 प्रतिशत ही बिक्रीकर और आयकर का भुगतान वह भी शायद ही किया गया है। संचालित फर्मो के खातों में प्राप्त भुगतानों की जांच की जाये तो लाखों की कर चोरी का मामला सामने आ सकता है। जनपद पंचायत शिवपुरी की सुरवाया समेत कई ग्राम पंचायतों में कई फर्मे संचालित हो रही है, इन फर्मो का मुख्य काम पंचायतों में फर्जी बिल देकर लाखों के भुगतान अपने नाम पर करवाना और 25 से 28 प्रतिशत काटकर वापस दे देना है। करोड़ों रूपये के बिल भी लगे और भुगतान भी हुए, लेकिन समय जैसे-जैसे बीता मामला फाईलों में दफन होकर रहे है।

### कंपोजीशन लाइसेंस वालों को बिल देने का अधिकार नहीं


सरकार ने टैक्स चोरी रोकने के लिए देश में जीएसटी प्रणाली लागू की है, जिसके अनुसार कंपोजीशन लाइसेंस वाला जैसे कोई सप्लायर रेत गिट्टी आदि के बिल नहीं दे सकते हैं क्योंकि ये लाइसेंस धारक सिर्फ ट्रेडिंग ही कर सकते हैं । कंपोजीशन लाइसेंस में एक परसेंट टैक्स क्रय-विक्रय में देना पड़ता है और मजदूरी के बिल में सर्विस प्रोवाइडर के रूप में 18त्न टैक्स देना होता है । यदि बिना जीएसटी नंबर के बिल या त्तस्ञ्ज नंबर डाल कर गलत बिल दिया हो तो ऐसे प्रत्येक बिल में दस हजार की पेनल्टी व 100त्न जुर्माना का प्रावधान है । सख्त नियम कायदों के बाबजूद भ्रष्टाचार की सभी सीमाये सरपंच सचिव ठेकेदारों और जनपद के आला अधिकारीयों ने मिलकर तोड़ दी है। टैक्स जानकारों के अनुसार ढाई लाख रुपए के ऊपर के बिलों में 2त्न टीडीएस काटना पंचायत को अनिवार्य है, और तो और कई पंचायतों में धड़ल्ले से बंद हुए टिन नंबर के बिल लगाकर शासकीय नियम को ताक पर रख दिया जबकि यह नियम सम्मत नहीं है । अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन पंचायतों में चल रही टैक्स चोरी पर कड़ी कार्रवाई कर पैनल्टी वसूल करता है या नहीं, और कार्यालयों में बैठे हुए जिम्मेदारों व शासकीय योजना की राशि को डकारने वाले माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

### बडे-बडे घोटाले

इन फर्मों के द्वारा जनपद की ग्राम पंचायतों में लगभग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्रियां बेची गई हैं और उनका भुगतान भी लिया गया है, अगर यह जांच नतीजे तक पहुंची और इसमें रसूखदार और सफेदपोशों ने हस्ताक्षेप नहीं किया तो जनपद स्तर पर फर्जी बिल लगाकर ग्राम पंचायतों से भुगतान कराने का यह जिले भर का सबसे बड़ा घोटाला सामने आयेगा। जिसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों के गले में तलवार लटक सकती है।बताया गया है कि फर्मों के संचालक तो कमीशन लेकर बाकी पैसा वापिस कर देते है, लेकिन इस पूरे खेल में कई नामचीन लोग शामिल है, जिनके बदौलत ही इतनी बड़ी बिक्री ग्राम पंचायतों से हुई और उसका समय-समय पर भुगतान भी होता गया। वहीं सामग्री खरीदी में सरकार के क्रय नियमों का भी पालन नहीं किया गया है, इतना ही नहीं शौचालय निर्माण में जो बिल लगाये गये हैं, सीधे संख्या और राशि लिखकर पैसा निकाल लिया गया, जबकि शासन के निर्देशों की माने तो इनमें सभी सामग्रियों का उल्लेख होना अनिवार्य है, लेकिन इस पूरे घोटाले में जिले से लेकर जनपद और ग्राम पंचायत तक शामिल लोगों ने खूब मलाई छानी है।

## नगर पालिका शिवपुरी द्वारा आरटीआई आवेदनों का जवाब नही देने को लेकर मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत 15 अपील प्रकरण दर्ज किए और सुनवाई शुरू की

**शिवपुरी।** विगत कई वर्षों से नगर पालिका की निष्प्रभ, अपारदर्शी कार्यशैली के कारण नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस बारे में शहर के पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, वकीलों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने अपने स्तर पर काम किया। लेकिन अभी भी नगर पालिका में नागरिकों को पानी, स्ट्रीट लाइट, सफाई, राशन कार्ड, आवास योजना, आदि के लिए रोज भटकना पड़ता है। नगर पालिका शिवपुरी में आरटीआई आवेदनों का जवाब नही देने की प्रथा प्रचलित है। जो कि एक गैरजीमेदार, भ्रष्ट और शोषक सिस्टम की निशानी है। नगर पालिका शिवपुरी में सूचना के अधिनियम के तहत गत एक वर्ष में कई सारे जनहित के मुद्दे जैसे नाला सफाई, डस्टबिन, स्ट्रीट लाइट, केबल घोटाले, ट्री गार्ड घोटाला से सम्बंधित दस्तावेज, मैरिज गार्डन एव विवाह स्थल के पंजीयन से सम्बंधित अनुज्ञा पत्र, नाला सफाई के खर्च से सम्बंधित दस्तावेज, पार्को में किये गये खर्च से सम्बंधित दस्तावेज, पाठ विक्रेता अधिनियम के अंतर्गत की गई। कार्यवाही से संबंधित रिकॉर्ड, हाथ से मैला उठाने के प्रतिषेध अधिनियम का रिकॉर्ड, कोलोनाइ?र्स/बिल्डर्स कि सूची इत्यादि से सम्बंधित जानकारी लेने के लिए आरटीआई आवेदन लगाए गए थे। लेकिन नगर पालिका के अधिकारीयों ने एक भी आवेदन का जवाब नही दिया। और न ही प्रथम अपील का कोई जवाब दिया। इससे परेशान होकर एडवोकेट अभय जैन ने मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग में 15 द्वितीय अपील प्रकरण भेजे थे। आयोग द्वारा इन सभी अपील को दर्ज कर लिया गया है। और सुनवाई शुरू कर दी गई है। इन सभी अपील प्रकरण में अपीलकर्ता द्वारा आरटीआई आवेदनों की समस्त जानकारी निशुल्क चाही गई है। एवं धारा 20 के तहत सीएमओ/लोक सूचना अधिकारी पर प्रत्येक प्रकरण में 25 हजार का जुर्माना और अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आदेश चाहे गए हैं। दिनांक 12 जुलाई को,-5497 जो कि अवैध कॉलोनी की जानकारी से संबंधित है उसकी सुनवाई में सीएमओ द्वारा उपस्थित न होने पर एवं जवाब पेश नही करने पर दंडात्मक कार्यवाही का नोटिस जारी किया गया है। इनमे से दो मामलों जो की नाला सफाई से संबंधित हैं उनकी सुनवाई सोमवार 19 जुलाई को नियत है जिनका अपील क्रमांक- ए-5498/20/रासुआ/आईसी-1/शिवपुरी/20-21 है।


मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग

अपील क्र./ए-5497/20/रासूआ/IC-1/शिवपुरी/2021/8654 भोपाल,दि022/6

अपील

| लोक सूचना अधिकारी | | अपीलीय अधिकारी | | अपीलार्थी |
|---|---|---|---|---|
| एवं कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका परिषद-शिवपुरी जिला-शिवपुरी (म0प्र0) | | एवं कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर /चंबल संभाग, जिला-ग्वालियर (म0प्र0) | | श्री अभय जैन, निवासी-पीली कोठी कमलागंज, ए.बी.रोड शिवपुरी, जिला-शिवपुरी (म.प्र.) |
| लो.सू.अ.को प्रस्तुत आवेदन दिनांक | लोक सूचना अधिकारी आदेश दिनांक (यदि कोई हो) | प्रथम अपील आवेदन दिनांक | प्रथम अपीलीय अधिकारी का आदेश दिनांक (यदि कोई हो) | |
| 23-07-2020 | Nil | 18-09-2020 | Nil | |

### अंकुर अभियान पिपरसमा मंडी में किया वृक्षारोपण



**शिवपुरी।** प्रदेश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अंकुर अभियान शुरू किया गया है। शिवपुरी जिले में भी इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। सभी लोगों से इस अभियान से जुड़ने के लिए अपील की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पिपरसमा मंडी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आइटीबीपी डीआईजी राजीव लोचन शुक्ला, एडीएम उमेश शुक्ला, एसडीएम अरविंद बाजपेई सहित आईटीबीपी के लगभग डेढ़ सौ जवानों ने वृक्षारोपण किया। आप भी वृक्षारोपण के लिए शुरू किए गए अंकुर अभियान से जुड़े। वायुदूत ऐप डाउनलोड करें और पौधा लगाकर एप पर फोटो अपलोड करें।

### पहले बिटिया की पढ़ाई में और अब शादी में की श्रीमंत ने मदद

शिवपुरी।



मध्यप्रदेश सरकार की वरिष्ठ केबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक यशोधरा राजे सिंधिया ने पहले बिटिया की पढ़ाई में मदद की और जब शादी की बात आई तो शादी में भी सहारा दिया। बिटिया की शादी 25 जुलाई को होना तय हुई है। उक्त बात गुरूवार को खेल एवं युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जब शिवपुरी आईं तो उन्हें उनके सहयोग के लिए आभार जताने तथा शादी का कार्ड देने के लिए दोनों मां बेटी सर्किट हाऊस पहुंची। मंत्री महोदया का आभार जताते हुए मां बेटी भावुक हो गईं और बोली कि श्रीमंत आपने हर मुसीबत में हमें सहारा दिया है। हम आपके बहुत आभारी हैं। यह सुन यशोधरा राजे भी यह कहते हुए भावुक हो गईं कि अब बिटिया विदा होकर श्योपुर चली जाएगी। इस दौरान मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मां बेटी के साथ फोटो भी खिंचाया।

## गुना में प्रारंभ हो नियमित हवाई उड़ानःसांसद डॉक्टर के पी यादव

### नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर के पी यादव ने की मुलाकात





**शिवपुरी।** गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने नई दिल्ली में मोदी सरकार के नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उनको मंत्री बनने पर बधाई दी एवं अपने संसदीय क्षेत्र के गुना में नियमित हवाई सेवा प्रारंभ किए जाने का अनुरोध किया। सांसद डॉक्टर के पी यादव ने कहा कि गुना में हवाई सेवा की सुविधा नागरिकों को प्राप्त हो सके इसके लिए जब से वह सांसद बने हैं उन्होंने प्रयास किया है। पूर्व में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को भी उन्होंने गुना में नियमित हवाई सेवा को लेकर मांग रखी थी, जिसके सम्बंध में जुलाई माह में हरदीप पुरी ने सांसद डॉक्टर के पी यादव को पत्र द्वारा अवगत कराया गया एवं भविष्य में शीघ्र नियमित हवाई सेवा शुरू किए जाने का आश्वासन भी दिया। इसी क्रम में नवनियुक्त नागर विमानन मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर उनको मंत्री बनने की बधाई दी व पुनः संसदीय क्षेत्र गुना में नियमित हवाई सेवा को प्रारंभ किए जाने हेतु अनुरोध किया। सांसद डॉक्टर के पी यादव की इस मांग को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र इस दिशा में सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## शांति व सौहार्द्र के साथ मनाएं त्यौहार, कोविड गाइडलाइन का पालन करें शांति समिति की बैठक आयोजित




**शिवपुरी।** आगामी दिनों में 21 जुलाई को ईदुज्जुहा, और अगस्त माह में 19 अगस्त को मोहर्रम, 22 अगस्त को रक्षाबंधन और 30 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। सभी जिलेवासियों से यह अपील की जाती है कि वह शांति व सौहार्द के साथ त्योहार मनाए। साथ ही कोविड गाइडलाइन का पालन करें। इस संबंध में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ने कोविड के दिशा निर्देशों पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया है कि धार्मिक स्थलों पर कोई आयोजन नहीं किया जाएगा जिसमें की भीड़भाड़ होने की संभावना हो। अभी कोविड केस कम हो गए हैं लेकिन कोरोना समाप्त नहीं हुआ है। तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए हमें लगातार सावधानी बरतनी है। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी स्थल पर 6 से अधिक लोग एकत्रित ना हो। ईद के त्यौहार पर सामूहिक रूप से नमाज अदा ना करें। सभी अपने घरों में नमाज अदा करें। बैठक में अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला एसडीएम अरविंद बाजपेई, एसडीओपी दीपक तोमर, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु और शांति समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। एडीएम उमेश शुक्ला ने एसडीओपी एवं यातायात प्रभारी को भी निर्देश दिए हैं कि त्योहार के समय कानून व्यवस्था भी बनी रहे। इसके लिए पुलिस व प्रशासन की टीम समन्वय से कार्य करें। विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग जागरूक करें और अपनी ओर से भी अपील जारी करे। इसके अलावा धार्मिक स्थानों पर वालंटियर भी लगाएं। सभी स्थानों पर हाथ धोने के लिए साबुन पानी की व्यवस्था रहे और जो लोग मास्क लगाकर नहीं आते हैं उन्हें मास्क उपलब्ध कराएं। इस समय कोविड से सुरक्षा के लिए सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

**कोविड के कारण हुई म्रत्यु पर दो मिनट का मौन :** कोविड महामारी के कारण जिन लोगों की मृत्यु हो गयी। जो आज हमारे बीच नहीं है। बैठक के अंत में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## विवाह मुहूर्त के लिए माता पूजन के लिए मंदिर में उमड़ी भीड़, 2ho की तीसरी लहर को लोग बना रहे मजाक डोल ताशों पर जमकर थिरके परिजन न सोशल डिस्टेंस और न ही मास्क





शिवपुरी।



एक तरफ सरकार कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए तमाम प्रयास कर रही हैं जी-जान से जुटी हुई हैं। वही दूसरी ओर आम आदमी समझ बैठा है कि, कोरोना पूरी तरह से जा चुका है। शिवपुरी जिले के राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण मे शुक्रवार को वर वधु पक्ष के लोगों का जन सैलाब उम? प?ा। सैक?ो लोगों की इस भी? में न सेनेटाइजर,न मास्क,न कोई डिस्टेंसिंग। दिखा तो सिर्फ तीसरी लहर का न्यौता। ऐसा लग रहा था कि जैसे मानो कोरोना का माहौल ही नहीं हैं। शिवपुरी विधायक और केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने तीसरी लहर को लेकर जिला प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए थे। वहीं शुक्रवार को इस तरह के आयोजनों से आमजन किसी ब?ी अनहोनी को न्यौता देने से चूक नही रहा है।

### यह हुए मंडल प्रभारी प्रभारी घोषित



भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने मंडल कार्यसमिति के लिए सभी मंडलों में मंडल प्रभारी नियुक्त किए हैं जिसमें शिवपुरी मंडल प्रभारी अशोक खंडेलवाल, भानु दुबे, पुरानी शिवपुरी मंडल प्रभारी ओमी जैन हरिओम राठौर, शिवपुरी ग्रामीण नवाब सिंह कुशवाहा, दिनेश रावत, खोड जगदीश सिंह, राज नारायण गुप्ता, करेरा बीके गुप्ता, संजय नीखरा नरवर, जंदेल सिंह गुर्जर, नवल गुर्जर दिनारा, जय प्रकाश सोनी, वीनस गोयल सिरसौद लोकपाल लोधी, अतर सिंह लोधी करई, मुकेश खटीक , राम गोपाल चौधरी पोहरी, केशव सिंह तोमर, पृथ्वीराज जादौन बैराड़, दिलीप मुद्गल, रामपाल रावत सतनवाड़ा, नरवर ग्रामीण सरमन गुर्जर, घनश्याम वैस सुभाषपुरा, मुड़ेरी जगदीश रावत, अवतार गुर्जर पिछोर, जगराम यादव, राम कृष्ण पाराशर खनियाधाना प्रहलाद यादव, भानु जैन बामोर कला, बनवारी श्रीवास्तव, देवेंद्र यादव मायापुर, रामकरण यादव, सुनील गुप्ता भोंती, विकास पाठक, मनीष अग्रवाल कोलारस, विपिन खेमरिया, रविंद्र शिवहरे बदरवास, त्रनू सोनी योगेंद्र यादव रन्नोद, हैंमपाल दांगी, गुड्डा यादव लुकवासा, देवेंद्र रघुवंशी, मनोज रघुवंशी खरई, गुरप्रीत चीमा, सीताराम रावत को नियुक्त किया गया है।

# पुलिस व जिला प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्थाओं के बाद भी प्रभारी मंत्री राजपूत का जला पुतला, कहीं लगे मुर्दाबाद के नारे

### प्रथम नगर आगमन प्रभारी मंत्री गोविन्द राजपूत के लिए रहा विवादों से घिरा तो पूर्व में भी कांग्रेस के समय भी प्रभारी मंत्री को झेलना पड़ता था विवाद

### जिला पंचायत के सभागार में सिर्फ 16 सिलेक्टेड पत्रकारों को दिया गया प्रवेश, अन्य मीडिया ने गेट पर लगाए जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे







भिण्ड। राजस्व परिवहन एवं जिला प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रथम आगमन पर शहर में पुलिस की चौकस व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आई। प्रभारी मंत्री ने जैसे ही नगर में प्रवेश किया तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर नारेबाजी शुरू कर दी। शहर के प्रमुख परेड चौराहा पर कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला फूंक दिया। यह पूरा नजारा पुलिस अधिकारियों के सामने चल रहा था, लेकिन पुलिसकर्मी मौन धारण करके खड़े रहे। हद तो तब हो गई जब जिला प्रशासन ने गोदी मीडिया के चुनिंदा पत्रकारों को स्टेंडिंग समिति की बैठक में बिठा दिया। अन्य मीडियाकर्मी जब बैठक का हिस्सा बनने जिपं पहुंचे तो गेट पर खड़े सुरक्षाकर्मियों ने अंदर जाने से रोक दिया। हंगामा इतना बढ़ा कि पत्रकारों ने कलेक्टर-एसपी सहित पीआरओ व जिला प्रशासन व प्रभारी मंत्री के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिसके बाद प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तुरंत सभी मीडिया कर्मचारियों को अंदर आने के लिए इशारा किया तो पत्रकारों ने अंदर जाने से मना कर दिया, शासन व प्रशासन के अधिकारियों के समझाने पर भी पत्रकार अंदर दाखिल नहीं हुए, तो स्वयं सदर विधायक संजीव सिंह उर्फ संजू कुशवाह बैठक छोड़कर बाहर आए और पत्रकारों से आग्रह किया। बाद में विधायक के कहने पर मीडिया के लोग प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रेसवार्ता में शामिल हुए। जिला पंचायत गेट के बाद चुनिंदा मीडिया कर्मचारियों को प्रवेश देने के लिए एक सूची चस्पा की गई थी, जिसकी भनक पीआरओ व कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक किसी को पता नहीं थी।

### प्रभारी मंत्री राजपूत ने कलेक्टर व पीआरओ को लगाई फटकार

राजस्व परिवहन एवं जिला प्रभारी मंत्री गोविन्दसिंह राजपूत की जिला पंचायत के सभागार में योजना समिति व क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक में जिलेभर के पत्रकारों को उनसे चर्चा करने के लिए बुलाया गया था और बैठक शुरु हुई तो सिर्फ चुनिंदा 16 सिलेक्टेड पत्रकारों को ही समिति की बैठक में बिठा दिया, बांकी पत्रकार बैठक का हिस्सा बनने से पहले ही गेट पर पुलिस के अधिकारियों व उनके सुरक्षा कर्मचारियों ने जाने से रोक दिया। फिर हंगामा इतना बढ़ गया कि पत्रकारों ने कलेक्टर-एसपी सहित पीआरओ के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे शुरु कर दिये। इस पर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए पीआरओ अरुण शर्मा को बुलाया। मंत्री के कारण पूछे जाने पर पीआरओ ने पल्ला झाड़ते हुए कह दिया कि सूची जिला प्रशासन के यहां से जारी की गई है। कलेक्टर से पूछा गया तो वह भी मामले से किनारा करते नजर आए।

### गोदी मीडिया के इशारे पर प्रशासन

जिला प्रशासन के अधिकारी जिले में गोदी मीडिया के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। सरकारी कार्यक्रम हो या योजनाओं को मूल रूप देने की बातए हर मामले में इनके सहयोग से प्रशासन के अधिकारी कार्य कर रहे हैं। बताया यहां तक गया है कि गोदी मीडिया के इशारे पर ही बाकी पत्रकारों को जानबूझकर बैठक से बाहर रखा गयाए ताकि अधिकारियों को उनके द्वारा पूछे गए तीखे सवालों का जवाब मंत्री के सामने न देना पड़े।

### कलेक्टर व एसपी के कहने पर बनायी गई सूची, फिर भी जानकारी नहीं

जिला संपर्क कार्यालय से बैठक के संबंध में पत्रकारों की सूची जारी नहीं की गई है। यह सूची जिला प्रशासन की ओर से भेजी गई थी।, जिसकी जानकारी जब मंत्री ने पूछी तो किसी अधिकारी को पता नहीं कि सूची किसने व किसके कहने पर बनायी गई है लेकिन जो भी हो मीडिया जगत में फूटन डालने का प्रयास किया गया है जब बहुत ही निदंनीय है।

### इनका कहना है :

योजना समिति की बैठक में सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। कुछ पत्रकार अंदर दाखिल नहीं हुए, यह मेरे संज्ञान में नहीं है। सूची जिसने भी बनाई उसकी जांच करेंगे।

**-डॉ सतीश कुमार एसए कलेक्टर भिंड**

# पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत



### प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के करीबी

भिण्ड। विगत दिन प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत का प्रथम नगर आगमन हुआ। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री को जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें एक सैकड़ा बाइक, 30 चार पहिया वाहनों से पुष्पवर्षा करते हुए अगवानी लेने पहुंचे। प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के इस जोरदार स्वागत से प्रसन्नता व्यक्त की। सरकार में गोविन्द सिंह को प्रभारी मंत्री बनने का मौका मिला है जो हमें और क्षेत्र को गौरवांवित करता है। इनके मंत्री बनने से पार्टी और संगठन के साथ-साथ सरकार को मजबूती मिलेगी और भिण्ड का चहुंमुखी विकास होगा। कहा कि हम बतौर कार्यकर्ता जनता के बीच आए हैं। भाजपा सरकार की मजबूती के लिए हमने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण किया है। सरकार और पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में जिले का समुचित विकास होगा, और कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की भी रक्षा के लिए जो भी कार्य करना हो उसे किया जाएगा।

### पूर्व विधायक के घर प्रभारी मंत्री ने दिया सबसे ज्यादा समय

बैठक और अन्य कार्यक्रमों को समाप्त कर प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के घर पहुंचे जहां उन्होंने उनके स्व.पिता महाराज सिंह को श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद क्षेत्र में चल रही गतिविधियों के बारे में काफी देर चर्चा होती रही। आपको बता दें कि पूर्व विधायक के संबंधी अशोक सिंह भदौरिया है जिनके संबंधी प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत का होना बताया। स्वागत करने वालों में सांसद संध्या राय पार्टी, जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश दुबे, अनिल दुबे, अन्नू अनुराग मिश्रा, प्रमुख रामौतार सिंह कुशवाह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार साल से रखे ट्रांसफार्मर से नहीं जुड़े घरों से कनेक्शन



भिण्ड। शहर के वार्ड क्रमांक 19 बघेल मौहल्ला रंजना नगर में चार साल पहले उपभोक्ताओं के कनेक्शन के लिए ट्रांसफार्मर रखे गए थे, आलम यह है कि आज तक ट्रांसफार्मर से घरों के कनेक्शन नहीं जोड़े गए। नगरवासी इस भीषण गर्मी में भी बिना लाईट के गुजारा कर रहे हैं। रंजना नगरवासियों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा विद्युत खम्भे लगाकर डीपी रखदी गई, केवलीकरण भी हुआ परन्तु आज तक कनेक्शन नहीं दिए गए वहीं बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिजली बिल भेजकर आर्थिक रूप से उपभोक्ताओं की कमर तोड़ी जा रही है। जिसके लिए नगरवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से बिजली विभाग के आलाअधिकारियों से भी शिकायत की है किन्तु अभी तक स्थिति जस की तस है और बच्चे से लेकर वृद्ध तक बिजली की कमी से जूझ रहे हैं।

### कटिया डालकर चला रहे काम

रंजना नगर वासियों को जब बिजली कनेक्शन नहीं मिला और बिल बराबर आता रहा तो लोगों ने इधर उधर रखे ट्रांसफार्मरों से कटिया डालकर काम चलाना शुरू कर दिया। लेकिन कटिया के लिए डाले गए तार कटने, चोरी होने और स्ट्रिपिंग ज्यादा होने से इलेक्ट्रॉनिक सामान के फुंकने का डर अधिक रहता है।

# नगर पालिका परिषद भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



भिण्ड। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड श्री अक्षय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार व अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के मार्गदर्शन अनुसार नगर पालिका परिषद भिण्ड में श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड देवेश शर्मा द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, मीडिएशन, नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारें में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

# अपडाउन की प्रवर्ति से जनता हो रही है सुविधाओं से वंचित : मेवाराम



गोहद। गोहद विधायक मेवाराम जाटव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सभागार में गोहद में संचालित विभिन्न विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति में किया गया यहां बिभिन्न विभागों के प्रमुखों ने विभाग में संचालित योजनाओं के किर्यान्वयन एव कार्यो की प्रगति की जानकारी दी यहाँ बिधुत बिभाग द्वारा लाइनमैनों की एव बिधुत सामान की कमी की जानकारी दी यहाँ विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि चूंकि में विपक्ष का बिधायक हूं इसलिए प्रशासन द्वारा मेरा सहयोग नही किया जा रहा है चुकि में जनता का प्रतिनिधि हूं मेरा कार्य जनता की आवाज उठाना है गोहद में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी गोहद में रुकते नही है जिससे गोहद जनता के कार्य लम्बित पड़े हुए है बिधुत बितरण कम्पनी के कर्मचारियों गोहद में लूटखसोट मचाये हुए है बिधुत व्यवस्था ध्वस्त हो गई है जनता को चोर बताने वाले अधिकारी डंके की चोट पर कमाई कर रहे है स्वयं अधिकारी कर्मचारी बिधुत चोरी करा रहे है मीटर रीडर महीना बाधे हुए है गोहद जनपद पंचायत भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डा है। यहाँ अधिकारी बिना भौतिक सत्यापन के रिपोर्ट पेश कर रहे है उन्होंने कहा कि में विपक्ष का बिधायक भले ही हू लेकिन जनता मेरे साथ है ।

# कुंए में गिरे राष्ट्रीय पक्षी मोर को ग्रामीणों ने सकुशल निकाला बाहर



भिण्ड। जिले की रौंन जनपद पंचायत के ग्राम हमीरपुरा में गांव के समीप हार में पुराने कुंए में मोर फंसे होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने रेसक्यू टीम को दी गई जानकारी पर सूचना के बाद भी नही पहुंची रेस्क्यू टीम तो गांव के लोगों ने सूझबूझ कर कुएं में रस्सियों बांधकर सकुशल बाहर निकाला। गांव के मुकेश, पिंकू पुरोहित, नीरज पुरोहित, कल्लू भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, रमेश सिंह आदि की सहायता से मोर सुरक्षित बाहर निकल पाया।

# बिजली न मिलने से किसानों ने घेरा सब स्टेशन




भिण्ड। आलमपुर कस्बे में किसानों को बिजली न मिलने से आक्रोशित हो गए और उन्होंने शुक्रवार को बिजली सब स्टेशन घेरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गांव के करीब 50 से अधिक किसान प्रदर्शन करने पहुंचे। वे सिंचाई के लिए बिजली की मांग कर रहे थे। जब उनकी बात को नही सुना गया तो उन्होंने सब स्टेशन का घेराव किया। इस दौरान वे 4 घंटे तक सब स्टेशन पर बैठे रहे और पीड़ा सुनाने के लिए बिजली अफसरों का इंतजार करते रहे। इस दौरान पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ना चाहा। परंतु वे डटे रहे। किसानों ने ए.ई. को फोन किया फिर भी उनकी बात को नहीं सुना गया।

आलमपुर कस्बे के ग्राम बेलामा, गेंथरी, कुरथर, खुर्द सहित कई गांव में बीते दो दिन से बिजली नहीं पहुंच रही है। इन गांव के लोग बिजली के आभाव में भीषण गर्मी से जूझने को विवश हो रहे है। वहीं, गांव के लोग इन दिनों फसलों की बुवाई के लिए ट्यूवबैल चलाना चाहते है। परंतु बिजली न होने से खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। इस बात को लेकर बिजली कंपनी के अधिकारी का रवैया ठीक नहीं है।

### ए.ई. के पास नहीं पब्लिक की समस्या सुनने का समय

लहार सब डिवीजन पर लंबे समय से डीजीएम का पद खाली है। यहां प्रभारी डीजीएम हरीश मेहता है जोकि भिंड में पदस्थ है। इस तरह की समस्या का समाधान करने का दायित्व एई और जेई का होता है। जेई अवकाश पर चल रहे है। पिछले दो दिन से यह गांव के लोग एई से बातचीत करके समस्या बता रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक एई का बातचीत करने का लहजा भी ठीक नहीं है। वे समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है। जब यह ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे तब भी बिजली कंपनी के एई लोगों की समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं हुए और लहार में ही रहे।

### तीन घंटे से बिजली सप्लाई रही ठप

किसानों का विरोध प्रदर्शन अचानक किए जाने से आलमपुर कस्बे में सप्लाई होने वाली बिजली ठप हो गई। किसान धूप में बैठक प्रदर्शन करते रहे। इस बात की खबर आलमपुर से लेकर सब डिवीजन लहार और महाप्रबंधक कार्यालय भिंड के अफसरों को भी लग गई। किसानों को जब लगा कि उनकी बात की सुनवाई नहीं हो रही है। तो उन्होंने सभी फीडरों को शट डाउन करा दिया। हालांकि इस बात का विरोध शुरूआती तौर पर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने किया। परंतु, लोगों का आक्रोश देख कर्मचारी शांत हो गए और उन्होंने फीडरों को शट डाउन कर दिया।

### बिजली नहीं मिलने से सूख रही फसल

किसान गजेंद्र सिंह कौरव का कहना है कि बिजली नहीं मिल रही है। पिछ्ले 32 घंटे से बिजली नहीं मिल रही हे। ऐसे में पुसल सूख रही है। किसाान रुस्तम सिंह कौरव कहना है कि बिजली नहीं मिल रही है बिजली हम लोग बिजली की मांग को लेकर यहां बैठे है। लहार एई ने पुलिस भेज दी है। पुलिस में तैनात करण सिंह और राजकुमार द्वारा धमाकाया जा रहा है। गाली गलौज की जा रही है।

### इनका कहना है

किसानों की बात को सुना जा रहा है। मैंने उनकी बात को सुन लिया है। जल्द ही समस्या का सामधान कराया जाएगा।

**हरीश मेहता प्रभारी उप महाप्रबंधक**

## मासूम भटकी रास्ता, डायल-100 ने मिलाया परिजनों से



भिण्ड। जिले के थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत एक मासूम रास्ता भटक गई। जिसे डायल-100 ने सही सलामत परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय व्यक्ति वीरेन्द्र कुमार शाक्य को बाईपास रोड पर एक 05 वर्षीय मासूम बच्ची अकेली भटकते हुये दिखाई दी। उसने आसपास पूछा तो कोई पता नहीं चला और बच्ची भी कोई जबाब नहीं दे पा रही थी। व्यक्ति द्वारा मानवता का परिचय देते हुये डायल-100 सेवा को कॉल कर घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कन्ट्रोल रूम डायल.100 भोपाल को दी तथा पुलिस सहायता माँगी। घटना बीते शुक्रवार को प्रातः 07:10 बजे की है। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल द्वारा सूचना प्राप्ति पर भिण्ड जिले की डायल-100 वाहन क्र.02 को घटना का विवरण देकर रवाना किया गया। डायल-100 एफआरव्ही में तैनात प्रधान आरक्षक मुन्ना सिंह और पायलेट सुनील ने तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण मे लिया। बच्ची को भरोसे में लेकर जानकारी लेने पर बच्ची द्वारा बस स्टैंड के पास रहना बताया डायल.100 स्टाफने बच्ची को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर बच्ची द्वारा इशारे से बताए रास्ते अनुसार गाँधी नगर पहुँचे जहाँ स्थानीय लोगों की सहायता से गली नंबर 06 में बच्ची के घर की जानकारी मिली। जहाँ बच्ची सत्यापन एवं पहचान उपरांत बच्ची को उसके परिजन के सुपुर्द किया गया। डायल-100 स्टाफकी तत्परता से मासूम बच्ची खुशी बाथम पिता गौरीशंकर बाथम उम्र 05 वर्ष निवासी गली नंबर 02 गांधी नगर को उसके परिजनों से मिलाया गया।

## संकट में देश

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर जताई जा रही आशंका अब संभावना में बदलती दिख रही है। न सिर्फ पहाड़ों पर गए सैलानियों बल्कि बाजारों में बेखौफ घूम रहे लोगों के चलते देश में संकट दस्तक दे रहा है। क्या कारण है कि लोग कोरोना की घातक दूसरी लहर को आसानी से भूल गए। सड़कों पर दम तोड़ते लोगों की तस्वीरें आज भी जेहन में ताजा हैं। चिंताओं की लाइन, श्मशान के बाहर शवों को लेकर घंटों इंतजार करते परिजनों का दुख सभी ने देखा। फिर हम इन तस्वीरों से सबक क्यों नहीं ले रहे हैं। जब हमें पता है कि हमारा स्वास्थ्य ढांचा इस काबिल नहीं है कि आपदा के समय हर किसी को राहत मिल सके, तो फिर लापरवाही बनती नहीं है। पहाड़ों पर घूमने गए लोग सुपर स्प्रेडर बनकर लौटे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि मसूरी में ही तीन लोग संक्रमित मिले हैं। यह वह आंकड़ा है, जिनका टेस्ट किया गया है। ऐसे और लोग भी होंगे, जो संक्रमित होंगे। सिर्फ मसूरी ही नहीं दूसरे स्थलों पर भी संक्रमितों के मिलने की खबर है। ऐसे में खतरा बढ़ेगा नहीं तो क्या होगा। इन दिनों जिस तरह की तस्वीरें देखने को मिल रही हैं, वे हैरान करने वाली हैं। पर्यटन स्थलों पर भीड़ उमड़ रही है। हालत यह है कि होटलों में जगह ही नहीं है। फिर भी लोग पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक इस लापरवाही पर चिंता जता चुके हैं। मगर लोगों में इस बात का भय ही नहीं है कि जरा-सी भी लापरवाही फिर से बड़े जोखिम में धकेल सकती है। पिछले एक महीने के दौरान दूसरी लहर का असर कम पड़ते देख देश के ज्यादातर हिस्सों में प्रतिबंधों में ढील दी जा चुकी है। बाजार, मॉल, रेस्टोरेंट, सिनेमाघर आदि खुल गए हैं। दिल्ली में तो शराबखाने भी देर रात तक खोल दिए गए हैं। जैसे ही बाजार खुले, सामान्य दिनों की तरह भीड़ बढने् लगी। यह स्थिति फिर से एक और लहर का कारण बन जाए तो ताज्जुब की बात नहीं। क्योंकि हम खुद ही फिर से संकट न्योता दे रहे हैं। हकीकत तो यह है कि दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। सिर्फ असर कम पड़ा है। संक्रमण के रोजाना मामले उतार पर हैं। मौतों का आंकड़ा भी कम हुआ है। लेकिन अब ज्यादा बड़ा खतरा डेल्टा प्लस जैसे विषाणु का खड़ा हो गया है। विशेषज्ञ इस बात का अंदेशा पहले ही जता चुके हैं कि डेल्टा प्लस तीसरी लहर का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तीसरी लहर अगस्त-सितंबर में आ सकती है तो कुछ इसका वक्त अक्टूबर-नवंबर बता रहे हैं। लेकिन तीसरी लहर का अंदेशा जरूर बना हुआ है। और अगर तीसरी लहर आई तो इसकी सबसे बड़ी वजह बाजारों और पर्यटनों पर बढ़ती भीड़ ही कही जाएगी। पहले तो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड ने दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की लिए आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य कर रखी थी। लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया। इसी का नतीजा है कि लोग तेजी से पहाड़ी ठिकानों की ओर सैर के लिए निकल पड़े। सवाल है कि हम सब कुछ जानते-बूझते भी आखिर ऐसा जोखिम क्यों उठा रहे हैं? इसमें कोई दो राय नहीं कि लंबे समय से घरों में बंद रहने से लोगों की मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। इसलिए अब वे बाहर निकलना चाह रहे हैं। पर अभी जान बचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। महामारी से बचाव के लिए मास्क, बार-बार हाथ धोने और सुरक्षित दूरी बनाए रखना सबसे जरूरी उपाय माना गया था। लेकिन पर्यटन स्थलों से

# मध्यप्रदेश भाजपा पर सिंधिया का दबदबा

**रहीम खान**

प्रदेश में निष्ठा पर अवसरवादिता हावी

भाजपा से बगावत की कीमत वसूल रहे है

भारत की राजनीति में कभी अपने चालचरित्र और अनुशासन के लिये अलग पहचान रखने वाली भाजपा पर सत्ता का रंग ऐसा चढ़ा है कि वह जिस राज्य में सत्ता गंवाती है, उसे वह घटना बैचेन कर देती है जिसके चलते वह कमजोर कड़ियों को ढूंढकर सरकार को अस्थिर करने एवं सरकार गिराने के वह सारे फार्मूले अपनाती है, जिसे हम साम, दाम, दंड, भेद की नीति कहते है। जिसकी झलक हमने मध्यप्रदेश में 15 साल बाद राज्य की सत्ता में वापस आये कांग्रेस सरकार को षडयंत्रपूर्वक गिराने में देखी है। जहां पर कांग्रेस के पूर्व सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जरिये योजनाबद्ध साजिश करके कांग्रेस में बगावत कराकर सरकार को गिरा दिया गया और उसके बाद जो कुछ घटित हुआ वह सबके सामने है।

कांग्रेस में बगावत कराने की पूरी कीमत सिंधिया भाजपा से वसूल रहे है। पुनः जब भाजपा सत्ता में आई तो मंत्रिमंडल में अपने समर्थक 12 विधायक को मंत्री बनवाया। उसके बाद स्वयं राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए। जब केन्द्र में मंत्रीमंडल का पुनर्गठन हुआ तो वहां भी वह केन्द्रीय मंत्री बनने में सफल हो गये। जिसके कारण भाजपा के ही दूसरे नेताओं का राजनीतिक हित प्रभावित हुआ, परन्तु सत्ता में बने रहने के लालच के कारण वह खुलकर कुछ बोल भी नहीं पा रहे है। हालांकि वर्तमान समय जो विभाग सिंधिया को दिया गया है उसका आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। एयर इंडिया पर नीजिकरण के काले बादल मंडरा रहे है, कुछ एयरपोर्ट प्रायवेट हाथों में दे दिये गये है। इसको देखकर लगता है कि भाजपा को सिंधिया को संतुष्ट करना था सो उन्होंने कर दिया। ये सिंधिया का ही प्रभाव था कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान 16 माह तक जिले के प्रभार मंत्री नियुक्त नहीं कर पाये। जब नियुक्ति की बारी आई तो वहां भी सिंधिया के प्रभाव वाले नेताओं का दबदबा साफ दिखाई पड़ रहा है। इतना ही नहीं भाजपा संगठन में भी सिंधिया ने अपनी मंशा के अनुरूप अपने लोगों को स्थान दिलाने में सफलता पाई। अब बारी है जो सिंधिया समर्थक उपचुनाव हार गये उनको निगम मंडल में मनोनीत करने की। शायद ऐसा हो भी जायेगा। उपरोक्त सारा घटनाक्रम का अध्ययन करने के पश्चात इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं है कि मध्यप्रदेश भाजपा पर पूरी तरह से नये भाजपायी सिंधिया हावी है। जिसके कारण प्रदेश में भाजपा को सत्ता के शिखर तक ले जाने वाले समर्थिक और निष्ठावान भाजपा नेता अपने आपको उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी कि कांग्रेस के बागी सिंधिया एंड ग्रुप को भाजपा में इतना महत्व मिलेगा।



जहां तक मध्यप्रदेश भाजपा में संगठन की बात है, तो आज की तारीख में वी.डी. शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में एक विफल नेता के रूप मे पार्टी के भीतर ही पहचाने जाने के साथ इनके द्वारा जिस तरह से सीनियर नेताओं को दरकिनार किया जा रहा है उससे भीतर ही भीतर आंतरिक असंतोष प्रत्यक्ष चर्चा में साफ दिखता है। एक तो उन्हें अपने संगठन की कार्यकारिणी बनाने में शर्मा को पसीना छूट गया। इसके बाद भी अनेक जिलों में यह संगठन को व्यवस्थित नहीं कर पाये है। भाजपा में जो कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटित हो रहा है उस पर पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक अजय विश्नोई खुलकर अपनी बात रख रहे है। प्रदेश अध्यक्ष की कमजोरी उस समय ही समझ आ गई जब उन्होने दमोह उपचुनाव में भाजपा की शर्मनाक पराजय के बाद पूर्व मंत्री जयंत मलैया व अन्य नेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया और जब प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हुई तो उन्हें विशेष आमंत्रित सदस्य में शामिल कर लिया। शर्मा के कार्यकाल की दूसरी सबसे बड़ी गलती जब उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की तो उन्होंने पदाधिकारियों के साथ उनकी जाति का भी उल्लेख किया है जो कभी होता नहीं, परन्तु जब बवाल मचा तो एक घंटे में पूरी सूची में परिवर्तन करना पड़ा। ये सच है कि युवाओं को अवसर देना चाहिये परन्तु सीनियर को एकदम से हटाकर कार्य करना भी न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

ये अलग बात है कि पार्टी सत्ता में है इस कारण अपने ही घर में उपेक्षा के शिकार भाजपा के सीनियर नेता सार्वजनिक रूप से कुछ न बोले पर उनके मन में जो पीड़ा है वह ऑफ द रिकार्ड बात करने पर खुलकर सामने आती है। भले ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान अपनी चैथी पारी खेल रहे है लेकिन वहीं जानते है कि उन्हें किस तरह से किन किन मोर्चे पर कैसी कैसी राजनीतिक परेशानियों का सामना अपने ही घर के भीतर करना पड़ रहा है।

पिछले दिनों जिन भाजपा नेताओं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा के साथ चलाया था उसके बाद तो ऐसा लग रहा था कि शिवराजजी लंबे समय तक अपने वर्तमान पद पर बने नहीं रहेगें। जो राजनाथ सिंह कहा करते थे कि ये यूपीए नहीं है, यह एनडीए है यहां पर आरोप लगाने से नेता को हटाया नहीं जाता, लेकिन उसी भाजपा में आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को तीन माह में हटाना पड़ा, केन्द्रीय मंत्रीमंडल से 12 मंत्री को उनके कमजोर प्रदर्शन के कारण हटाना पड़ा। सत्ता पर काबिज रहने के लिये इन्होने एज फेक्टर को दरकिनार कर 77 साल के विवादित और भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे कर्नाटक के मुख्यमंत्री यदुरप्पा को इस पद पर राजनीतिक मजबूरियों के चलते पदस्थ करना पड़ा। मुख्यमंत्री हटाने का क्रम तो उत्तरप्रदेश में भी चलने वाला था, क्योंकि योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की बनी बनाई साख को अपने कार्यकाल में मटियामेट कर दिया है पर योगी मोदी शाह के दबाव में नहीं आये जिस कारण उन्हें वहां पर संगठन को विस्तार करने पर ध्यान केन्द्रित करना पड़ा।

बहरहाल अपनी कथनी और करनी में साफ तौर पर अंतर को प्रदर्शित करने वाली भाजपा में मध्यप्रदेश के भीतर जिस प्रकार का राजनीतिक घटनाक्रम घटित हो रहा है उसने यह संकेत भी दे दिया है कि कोई जरूरी नहीं है प्रदेश में शिवराज 2023 तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहे। दूसरी बात जिस प्रकार से प्रदेश में भले ही सिंधिया को भाव देने में भाजपा के भीतर आनाकानी की जाये पर दिल्ली दरबार जिस तरह से उनको हाथो हाथ ले रहा है, उससे साफ है कि आनेवाले 2023 के चुनाव में अगर सिंधिया प्रदेश में मुख्यमंत्री का चेहरा हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। दरअसल सिंधिया के पीछे परिवार का जो भाजपायी बेकग्राऊंड है वह उन्हें यहां पर प्लस कर रहा है। चूंकि वह लोकसभा चुनाव हार चुके है और उपचुनाव में भी उनके क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन पार्टी से उनके हटने के बाद भी दमदारी वाला रहा है। उस आधार पर कहा जा सकता है कि सिंधिया के आने से ग्वालियर चंबल संभाग में भाजपा की एकतरफा लहर चलेगी, ऐसा नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जिन परिस्थितियों में पार्टी का नेतृत्व कर रहे है वहां उनके समक्ष कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के खेमे की तरफ से आई हुई चुनौती ही उनके लिये सिरदर्द बनी हुई है। आसमान छूती हुई मंहगाई, कोरोना महामारी में मौतों का ऊंचा ग्राफ, सगठन के भीतर अपने लोगों को स्थान न दिला पाना जैसी अनेक विषमतायें है जो कहीं न कहीं आने वाले हर चुनाव में भाजपा के लिये सिरदर्द बनेगी। जिसकी झलक दमोह उपचुनाव में देखी जा चुकी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा की कुलाचे मारती राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी कहीं न कहीं भाजपा को जनता की अदालत में माईनस करने के लिये काफी है। आने वाले चार उपचुनाव प्रदेश में भाजपा के भविष्य का निर्धारण करेगें। अगर भविष्य में सिंधिया के भविष्य में बढ़ते प्रभाव के कारण भाजपा के भीतर ही भीतर पल रहा आक्रोश राजनीतिक ज्वालामुखी बनकर फूटे तो कोई आश्चर्य नहीं।

# बेनकाब हुआ पश्चिमी मीडिया का दोगला और दोहरापन

**डॉ अजय खेमरिया**

कोविड 19 की वैश्विक आपदा ने भारत के विरुद्ध पश्चिमी मीडिया के दुराग्रह को पूरी प्रमाणिकता के साथ पुनः बेनकाब कर दिया है।सच्चाई और जबाबदेही के युग्म से पत्रकारिता के आदर्श का खंब ठोकने वाला पश्चिमी मीडिया स्वयं किस हद दर्जे के दोहरे मापदंड पर जिंदा है यह कोरोना की दूसरी लहर से जुड़ी भारत सबंधी रिपोर्टों से स्वयंसिद्ध होता है।खासबात यह है कि इस दोहरे आचरण की कड़ियाँ अब आम भारतीय भी प्रमाणिकता के धरातल पर पकड़ना सीख गया है।भारतीय जनसंचार संस्थान के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण एवं शोध के नतीजे बताते है कि भारत में अधिसंख्य चेतन लोग इस बात को समझ रहे है कि यूरोप,अमेरिका और अन्य देशों की मीडिया एजेंसियों ने कोरोना को लेकर अतिरंजित,गैर जिम्मेदाराना और दहशतमूलक खबरें प्रकाशित की।इन खबरों के मूल में भारत के प्रति एक औपनिवेशिक मानसिकता भी इस दरमियान किसी दीवार पर मोटे हरूफ में लिखी इबारत की तरह पढ़ी जा सकती हैं।आईआईएमसी के महानिदेशक संजय द्विवेदी की पहल पर देश के शीर्ष एवं मैदानी मीडियाजनों, बुद्धिजीवियों की राय को समाहित करता यह विश्वसनीय सर्वे समवेत रूप से विदेशी मीडिया संस्थानों खासकर बीबीसी,द इकोनोमिस्ट, द गार्डियन,वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, की पक्षपातपूर्ण, झूठी रिपोर्टिंग को आमजन की दृष्टि में भी कटघरे में खड़ा कर रहा है ।कोविड 19 को लेकर भारत से जुड़ी रिपोर्टस के दुराग्रह को समझने से पहले हमें इस तथ्य को ध्यान में रखना होगा कि इन मीडिया संस्थानों ने हमारे देश के प्रति एक प्रायोजित बैर भाव बनाया हुआ है खासकर नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद।न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने लिए भारतीय संवाददाता हेतु जारी किए गए विज्ञापन में जिन अहर्ताओं का उल्लेख किया गया उससे इस तथ्य को स्वंयसिद्धि हासिल होती है कि पश्चिमी मीडिया किस दोगलेपन और सुपारी मानसिकता के साथ भारत की तस्वीर अपने प्रकाशनों के साथ दुनियां में पेश करना चाहता है।जाहिर है पत्रकारिता के नैतिक मापदंडों पर जन्मना दोहरेपन का शिकार पश्चिमी मीडिया कोविड 19 को लेकर कैसे निष्पक्षता और ईमानदारी का अबलंबन कर पाता।आईआईएमसी के सर्वेक्षण और शोध- विमर्श से एक बात और स्पष्ट होती है कि पश्चिमी जगत आज भी हमारे देश की छवि सांप सपेरे,जादू टोने,वाले देश से बाहर मानने के लिए तैयार नही है।70 के दशक की तीसरी दुनियां या अल्पविकसित देशों में भारत को पिछड़ा देश माना जाता था उसी अधिमान्यता पर पश्चिमी बौद्धिक जगत आज भी खड़ा हुआ है।चंद्रयान और गगनयान जैसे विज्ञान और तकनीकी सम्पन्न नवाचार हो या फार्मा इंडस्ट्री में हमारी बादशाहत पश्चिम इसे मान्यता देने को आज भी राजी नही है।कोरोना की पहली लहर में जिस प्रमाणिकता से हमने दुनियां को मिसाल पेश की उसका कोई सकारात्मक उल्लेख विदेशी मीडिया संस्थानों में नजर नही आया।इस दौर में ब्रिटेन, अमेरिका, स्पेन, इटली, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया जैसे धनीमानी राष्ट्र पस्त हो चुके थे।इस नाकामी को प्रमुखता से उठाने की जगह इन मीडिया हाउस ने भारत मे प्रवासी मजदूरों को पहले पन्ने पर जगह दी।तब जबकि डब्लू एच ओ भारतीय कोविड प्रबंधन मॉडल को सराहा रहा था। कोविड की दूसरी लहर ने भारत में अप्रत्याशित रूप से व्यापक जनहानि की परिस्थिति निर्मित की इससे इनकार नही किया जा सकता है लेकिन इस दूसरी लहर में मानो पश्चिमी मीडिया को भारत के विरुद्ध आपदा में अवसर मिल गया हो।इस दौरान बीबीसी,न्यूयॉर्क टाइम्स, वाशिंगटनपोस्ट जैसे संस्थानों ने अस्पतालों, शमसानों से लेकर गंगा में जलदाह से जुड़ी अतिरंजित,डरावनी



# कावड़-यात्रा और महामारी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

*आजकल हमारी न्यायपालिका को कार्यपालिका का काम करना पड़ रहा है। सरकार के कई महत्वपूर्ण फैसलों का अंतिम फैसला अदालतें कर रही हैं। ऐसा ही एक बड़ा मामला कावड़-यात्रा का है। इस यात्रा में 3-4 करोड़ लोग भाग लेते हैं। कई प्रदेशों के लोग कंधे पर कावड़ रखकर लाते हैं और हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने-अपने घर ले जाते हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस कावड़-यात्रा की अनुमति दे रखी है जबकि कुछ ही हफ्तों पहले कुंभ-मेले के वजह से लाखों लोगों को कोरोना का शिकार होना पड़ा था, ऐसा माना जाता है। उ.प्र. सरकार जनता की भावना का सम्मान करके यात्रा की इजाजत दे रही है, यह तो ठीक है लेकिन ऐसा सम्मान किस काम का है, जो लाखों-करोड़ों लोगों को मौत के मुहाने पर पहुंचा दे ? एक तरफ प्रधानमंत्री पूर्वी सीमांत के प्रदेशों में बढ़ती महामारी पर चिंता प्रकट कर रहे हैं और दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के मुख्यमंत्री यह खतरा मोल ले रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी कह रहे हैं कि महामारी के तीसरे आक्रमण की पूरी संभावनाएं हैं। इसके बावजूद इतने बड़े पैमाने पर मेला जुटाने की क्या जरुरत है ? गंगाजल आखिर किसलिए लोग अपने घर ले जाते हैं ? जब लोग ही नहीं रहेंगे तो यह गंगाजल किस काम आएगा ? उप्र प्रशासन आश्वस्त कर रहा है कि कावड़ियों की जांच और चिकित्सा वगैरह का पूरा इंतजाम उसके पास है। ऐसी घोषणाएं तो उत्तराखंड शासन ने कुंभ-मेले के समय भी की थीं लेकिन जो खबरें फूटकर आ रही हैं, वे बताती हैं कि वहां कितना जबर्दस्त फर्जीवाड़ा हुआ था। यों भी आम तौर से लोग लापरवाही का खूब परिचय दे रहे हैं। दिल्ली के बाजारों और पहाड़ों पर पहुंची भीड़ के चित्र देखकर आप अंदाज़ लगा सकते हैं कि कोरोना-नियमों का कितना पालन हो रहा है। उत्तराखंड में भी यद्यपि भाजपा की सरकार है लेकिन उसके नए मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने न सिर्फ हरिद्वार में प्रतिबंध लगा दिया है बल्कि विभिन्न राज्यों की सरकारों से भी अनुरोध किया है कि वे इस कावड़-यात्रा को रोकें। सर्वोच्च न्यायालय ने उप्र और केंद्र सरकार से पूछा है कि उन्होंने कुंभ-मेले की लापरवाही से कोई सबक क्यों नहीं सीखा ? क्या उन्हें जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है ? संक्रमित कावड़िए अगर अपने गांवों और शहरों में लौटेंगे तो क्या अन्य करोड़ों लोगों को वे महामारी के तीसरे हमले का शिकार नहीं बना देंगे ? सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और उप्र के सरकारों से इस प्रश्न का तुरंत उत्तर मांगा है। आशा है कि दोनों सरकारें अदालत की चिंता का सम्मान करेंगी। और इस कावड़-यात्रा को स्थगित कर देंगी। इस स्थगन का हिंदू वोट-बैंक पर कोई अनुचित प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि यात्रा जारी रही और महामारी फैल गई तो सरकार को लेने के देने पड़ जाएंगे।*

## प्रयत्न में ऊब नहीं

संसार में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है। इसलिए कृष्ण कहते हैं कि बिना ऊबे श्रम करना कर्त्तव्य है, करने योग्य है। अर्जुन कैसे माने और क्यों माने? अर्जुन तो जब प्रयास करेगा, तो ऊबेगा, थकेगा। कृष्ण कहते हैं, इसलिए धर्म में ट्रस्ट का, भरोसे का एक कीमती मूल्य है। श्रद्धा का अर्थ होता है, ट्रस्ट। उसका अर्थ होता है, कोई कह रहा है।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का बढ़ता चलन - कितना सही कितना गलत

**अशोक भाटिया**

एक तरफ सरकार को डेटा संगरक्षण कानून को पारित कर उसे समाज कि वास्तविकताओं के अनुसार लागू करना चाहिए, वहीं दूसरी तरफ कंपनियों को भी विश्वीय निजता प्रथाओं को मद्दे नज़र रखते हुए ज़रूरत से अनुसार डेटा इखट्टा करना चाहिए ।साथ ही साथ उपयोगकर्ताओं को अपनी निजता के प्रति जागरूक हो कर डिजिटल दुनिया मे कदम उठाने चाहिए. हाल ही मे व्हाट्सऐप की नई निजता नीति काफी चर्चा में रही है। इस नई नीति के माध्यम से निजता, व्यापार और सुरक्षा के संगम को समझते है ।पहले तो यह समझना ज़रूरी है की हमारी निजी चैट एंड टू एंड एन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी के माध्यम से सुरक्षित है । आपके फ़ोन मे 'सेंड' बटन को छूते ही आपका सन्देश निरर्थक अक्षरांकीय सन्देश में बदल जाता है जिसे केवल आपके दोस्त के फ़ोन में छुपी डेक्रिप्शन चाभी के माध्यम से ही पढ़ा जा सकता है। मतलब सन्देश भेजने और प्राप्त करने वाले के आलावा कोई तीसरा व्यक्ति फिर चाहे वो कंपनी हो, सरकार हो, या कोई हैकर, कोई भी उस सन्देश को नही पढ़ सकता। वो सन्देश एन्ड टू एन्ड एन्क्रिप्शन के कवच मे सुरक्षित है।

आज सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हर कोई पत्रकार, सम्पादक बन रहा है तो कोई प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस दौर में संसार सिकुड़ रहा है और हमारी निजता खत्म होती जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सऐप की प्राइवेसी पालिसी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। जब से सरकार ने नया नियामक कानून बनाया है और सभी सोशल मीडिया मंचों को एक तय अवधि में उनका पालन करने को कहा तो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला करार देकर इसे मानने से इंकार कर दिया। हालांकि फेसबुक और गूगल ने तो आनाकानी के बावजूद उसे मान लिया गया लेकिन व्हाट्सएप और ट्विटर अभी भी अडियल रुख अपनाए हुए हैं। व्हाट्सएप ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि जब तक डाटा संरक्षण?विधेयक प्रभाव में नहीं आता तब तक वह यूजर्स को नई निजता नीति अपनाने के लिए बाध्य नहीं करेगा और उसने अपनी नीति पर अभी रोक लगा दी है। फिलहाल यूजर्स को?इससे राहत मिली है लेकिन व्हाट्सएप की निजता नीति अस्तित्व में है और भविष्य में इसे फिर से लाया जा सकता है। कम्पनी का यह भी कहना है कि नई निजता नीति अपनाने वाले यूजर्स के लिए उपयोग के दायरे को सीमित नहीं किया जा सकता। पहले चिंता यह थी कि नई निजता नीति नहीं मानने वाले यूजर्स को कुछ सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने अपनी सेवाएं मुफ्त में दीं, जब लोगों ने इनका भरपूर इस्तेमाल किया तो यह प्लेटफार्म व्यापार करने लगे। लोगों को?इस बात का अहसास ही नहीं हुआ कि उन्हें कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। व्हाट्सएप की तरफ से यह भी कहा गया कि डाटा संरक्षण?विधेयक आने पर उसे अपनी नीति के अनुसार काम करने दिया जाए वर्ना वे अपनी दुकान बंद करके चले जाएंगे। इसका अर्थ यही है कि निजता की रक्षा की लड़ाई लम्बी चलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्ट फेसबुक और उसकी सहायक कम्पनी व्हाट्सएप की अपीलों पर सुनवाई कर रही है, जो व्हाट्सएप की नई निजता नीति के मामले में जांच के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इंकार के एकल पीठ के आदेश के विरुद्ध दाखिल की गई है।



यह तथ्य पहले ही उजागर हो चुका है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालन करने वाली कम्पनियां लोगों की व्यक्तिगत जानकारियां इकट्ठी करती हैं और फिर उनका सौदा करती हैं। डाटा बेचा जाता है। पिछले कुछ वर्षों से चुनावों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्लेटफार्मों की ताकत काफी बढ़ चुकी है और वे सरकार को चुनौती तक देने से परहेज नहीं कर रहे। यह कम्पनियां लोगों का मानस बनाने के लिए भी काम करती हैं, वे लोगों की पसंद भी तय करती नजर आ रही हैं। लोग मानसिक रूप से इनके गुलाम हो चुके हैं। व्हाट्सएप ने नई निजता नीति के तहत बहुत ज्यादा निजी जानकारियां मांगी थीं। नीति में यह शर्त भी थी कि वह यह जानकारियां फेसबुक और अन्य कम्पनियों से साझा करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने व्हाट्सएप की नई प्राइवेसी पॉलिसी की जांच करने का आदेश दिया तो कम्पनी को तकलीफ होने लगी। आयोग ने यह भी कहा कि निजता नीति को अपडेट करने के नाम पर व्हाट्सएप ने अपने शोषक और विभेदकारी व्यवहार के जरिये प्रथम दृष्ट्या प्रतिस्पर्धा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। डाटा साझा करने का मकसद यूजर्स का आर्थिक दोहन करना भी है। सोशल मीडिया कम्पनियां इस कोशिश में थी कि सरकार द्वारा डाटा संरक्षण?विधेयक पारित होने से पहले ही वे अपनी व्यावसायिक सुरक्षा का इंतजाम कर लें। अगर इन कम्पनियों के यूजर्स से पहले ही निजता नीति को स्वीकार कर लिया तो कानून निरर्थक हो जाएगा। आज के समय में निजता की रक्षा बहुत जरूरी है और किसी भी कम्पनी या संस्थान को छूट नहीं मिलनी चाहिए कि वह किसी न किसी की निजी सूचनाओं का उपयोग करें। यूजर्स अपने व्यक्तिगत आंकड़ों का मालिक है। उसके पास यह जानने का पूरा अधिकार है कि व्हाट्सएप द्वारा सूचनाएं साझा करने का क्या मकसद है। भारत का बाजार बहुत विशाल है, हम अपना डाटा आसानी से किसी के हाथ लगने नहीं दे सकते। सोशल मीडिया प्लेटफार्म बेशक अभिव्यक्ति की आजादी का पोषण करते हैं, परन्तु वे निरंकुश कतई नहीं हो सकते। यदि अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में कम्पनियां व्यावसायिक हितों को साधने लगें तो उसे उचित नहीं कहा जा सकता। निजता विवाद का अंत होना ही चाहिए। हमें वैसी ही निजता सुरक्षा मिलनी चाहिए जैसे अमेरिका और यूरोपीय देशों के लोगों को हासिल है।

# कोई ऐसा सगा नहीं है जिसे तूने ठगा नहीं, गाने से अक्षरा सिंह ने दिया अपने विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब



कोई ऐसा सगा नहीं है, जिसे तूने ठगा नहीं है ये कोई राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि यह एक गाने की लाइन है, जिसके जरिये भोजपुरी की सुपर स्टार सिंगर ऐक्टर अक्षरा सिंह ने अपने विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसमें अक्षरा ने सांकेतिक रूप से अपने विरोधी के दागदार इतिहास की भी चर्चा की है। आपको बता दें कि कुछ साल पहले अक्षरा सिंह की जिंदगी में उथल-पुथल मची थी, जिसकी वजह उन्होंने इंडस्ट्री के दिग्गज को-स्टार को बताया था। उस वक्त वे बेहद परेशानियों से गुजर रहीं थी। तब भी उन्होंने अपने दर्द का इजहार अपने गानों के जरिये किया था। फिर उस दर्द से उबरने के लिए उन्होंने गायिकी शुरू की और देखते ही देखते ऑडियंस के दिलो-दिमाग पर छा गईं। नतीजा उनके गाने को सभी मीडिया प्लैटफॉर्म पर खूब पसंद किया जाने लगा। तभी एक वक्त आया कि अक्षरा के गाने भोजपुरी के चर्चित म्यूजिक चैनल से आउट हो गए। कहा गया कि अक्षरा सिंह को भोजपुरी के कुछ बड़े स्टार ने साजिश के तहत उन म्यूजिक चैनल पर दबाव बनाया। उसके बाद अक्षरा ने खुद का चैनल बनाया और कई नये चैनलों के लिए एक से बढ़कर एक हिट दिए। कोविड के समय भी साल 2020 में अक्षरा सिंह ने बिना रूके खूब काम किया। इसके बाद लगा कि अक्षरा की लाइफ में सबकुछ ठीक चल रहा है, लेकिन अचानक अक्षरा सिंह का यह गाना चजिसका चाटता है उसी को काटता हैज, इस बात की ओर इशारा करता है कि फिर से उन्हें किसी ने ठेंस पहुंचाई है। जिसके बाद उन्होंने भी अपने इस गाने के जरिये विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है।

## कंगना रनौत ने कहा- ...सोचा थोड़ा स्वरा जी को छेड़ा जाए, ऐक्ट्रेस ने पलटकर दिया ये जवाब

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए मशहूर हैं। वह अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब कंगना रनौत ने खुद की बोरियत दूर करने के लिए ऐक्ट्रेस स्वरा भास्कर को चिढ़ाने का फैसला किया। कंगना रनौत ने रविवार को अपनी और स्वरा भास्कर की तस्वीर वाले एक कोलाज को रिट्वीट किया। दोनों गोल्डन सारी और



सफेद ब्लाउज में दिख रही हैं और दोनों ने हार पहना हुआ है। कोलाज में कंगना रनौत की तस्वीर के ऊपर 'क्लास' और स्वरा भास्कर की तस्वीर के उपर 'क्रैस' लिखा हुआ है। कंगना रनौत ने इसके साथ लिखा, 'ये सब क्या कह रहे हैं, ऐसा है क्या स्वरा भास्कर?' कंगना रनौत की इस पोस्ट को शेयर करते ही ट्विटर यूजर्स ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया। इसके बाद कंगना रनौत ने एक यूजर के ट्वीट पर रेप्लाइ करते हुए लिखा, 'हां, एक उबाऊ दिन था, तो सोचा थोड़ा स्वरा भास्कर जी को छेड़ा जाए।' स्वरा भास्कर ने कंगना रनौत को जवाब देते हुए लिखा, 'आपकी बोरियत दूर करने के लिए मदद करने में खुशी होती है... आप जानती हो कि मैं आपसे प्यार करती हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत आखिरी बार फिल्म च्पंगाज में नजर आईं थीं। अब वह थलाइवी, धाकड और तेजस जैसी फिल्मों में दिखाई देंगी। वहीं, स्वरा भास्कर ने भी कई फिल्मों में काम किया है। दोनों ऐक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं।

## परिणीति चोपड़ा का एनिमल में कुछ ऐसा होगा किरदार

नए साल की शुरूआत में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की घोषणा भी की गई थी। यह पहला मौका होगा जब रणबीर डायरेक्टर संदीप वांगा के साथ काम करेंगे। फिल्म में परिणीति चोपड़ा और अनिल कपूर होंगे।



इस फिल्म की स्टार कास्ट की जानकारी तो पहले ही सामने आ गई थी, लेकिन इसमें किसका क्या किरदार होगा, इस बारे में कुछ नहीं पता चला था। हालांकि अब इस सस्पेंस से भी पर्दा उठ गया है। बताया जा रहा है कि च्एनिमलज में परिणीति चोपड़ा रणबीर कपूर की पत्नी का किरदार निभाएंगी वहीं अनिल कपूर, रणबीर के पिता के रोल में नजर आएंगे। अगर फिल्म की कहानी की बात करें तो चर्चा है कि यह एक ऐसी गैंगस्टर ड्रामा कहानी होगी, जो अब तक बॉलिवुड में नहीं बनी है। फिल्म उलझे रिश्तों की परेशानियों पर बेस होगी और एक ऐसा वक्त आएगा जब वह लीड ऐक्टर को एनिमल यानी जानवर जैसा व्यवहार करने पर मजबूर कर देगा। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को जून तक फ्लोर पर लाना चाह रहे हैं, लेकिन रणबीर कई फिल्मों में बिजी हैं इसलिए उन्हें च्एनिमलज के लिए अपने शेड्यूल में परिवर्तन करना पड़ सकता है।

# निया शर्मा ने साड़ी और लहंगे में ढाया ऐसा कहर, लोग कहने लगे- कोई फायर ब्रिगेड बुलवाओ



निया शर्मा टीवी की उन ऐक्ट्रेसेस में शामिल हैं जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही चर्चा में छा जाती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। निया ने अपनी कई बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिसपर लोग जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। एशिया की टॉप 50 सेक्सी महिलाओं की लिस्ट में शामिल रह चुकीं निया शर्मा अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों की वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं। निया ने ब्लैक साड़ी में अपनी कुछ तस्वीरें क्या पोस्ट की, लोगों ने कॉमेंट्स की बारिश कर दी है। निया शर्मा ने लहंगे में भी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है। इस सिल्वर और ब्लू लहंगे में निया शर्मा का अंदाज बेहद कातिलाना दिख रहा है। इन तस्वीरों पर भी निया के लिए कॉमेंट्स की बारिश जमकर हो रही है। इन तस्वीरों में निया अपनी नई ब्लैक बॉल्वो कार के साथ नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों पर हार्ट इमोजी की तो जैसे बरसात हो गई है। निया शर्मा ने डेली सोप च्एक हजारों में मेरी बहना हैज सीरियल में मानवी का किरादर निभाया था। निया शर्मा की इस तस्वीर पर लोगों ने खूब प्यार जताया है। एक यूज़र ने लिखा- आपने मामला जमाई दिया आखिर। वहीं किसी ने कयामत तो किसी ने फायर ब्रिगेड बुलाने की बात कही है। बता दें कि ब्रिटिश अखबार ईस्टर्न आई ने 2017 में निया शर्मा को एशिया की टॉप 50 सेक्सी महिलाओं की सूची में दूसरे स्थान पर रखा था। 2016 में इसी सूची में निया शर्मा तीसरे स्थान पर थीं। निया शर्मा डेली सोप च्जमाई राजाज सीरियल में लीड रोल में नजर आ चुकी हैं। निया शर्मा ने 2017 के फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा लिया था जिसमें वो अंतिम पांच में शामिल थीं। पिछले साल (2020) में भी निया ने च्खतरों के खिलाड़ी में हिस्सा लिया और इस शो की विनर रहीं। हाल ही में निया एक म्यूजिक ऐल्बम में नजर आईं, जिसमें उनके साथ शिविन नारंग लीड रोल में थे। इस गाने च्गाले लगाना हैज को आवाज दी है टोनी कक्कड़ ने। टीवी शो च्जमाई राजाज से हिट हुई निया शर्मा और रवि दुबे की जोड़ी एक बार फिर टीवी पर वापसी कर रही है। दोनों इस शो के दूसरे पार्ट च्जमाई राजा 2.0ज में नजर आएंगे, जिसका टीजर रिलीज़ कर दिया गया है। शो में निया और रवि दुबे ने अंडरवॉटर लिप-लॉक भी किया है।

# शर्मिला टैगोर ने कराया था बॉलिवुड का पहला बिकीनी शूट, अब बताया कैसा था वह एक्सपीरियंस

बॉलिवुड में आजकल हिरोइनों का बिकीनी में बोल्ड फोटोशूट कराना आम बात हो गई है। गुजरे जमाने की बात करें तो शर्मिला टैगोर बॉलिवुड की पहली ऐसी ऐक्ट्रेस थीं जिन्होंने बिकीनी में फोटोशूट कराया था। शर्मिला की बिकीना में फोटो फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पर साल 1966 में छपी थी। हाल में शर्मिला ने इस बारे में खुलकर बात करते हुए अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शर्मिला ने कहा है कि उनके जिंदगी के फैसले बिल्कुल अलग तरह के थे, जैसेकि फिल्मफेयर के लिए 1966 में बिकीनी शूट। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें यह बात कभी भूलने नहीं देते। शर्मिला ने यह भी कहा कि इस बिकीनी शूट के दौरान उन्हें बिल्कुल भी किसी तरह की शर्म या झिझक नहीं आई। इससे पहले



फिल्मफेयर से बात करते हुए शर्मिला ने कहा था, च्हे भगवान, तब हमारी सोसायटी कितनी रूढ़िवादी थी। मुझे कोई अंदाजा नहीं था कि मैंने वह शूट क्यों किया था। यह मेरी शादी से कुछ दिन पहले ही हुआ था। मुझे याद है जब मैंने फटॉग्रफर को 2-पीस बिकीनी दिखाई तो उन्होंने मुझसे पूछा- क्या तुम इसके बारे में श्योर हो? कुछ शॉट्स में तो उन्होंने मुझे अपनी बॉडी कवर करने के लिए भी कहा थाज इस बारे में आगे बात करते हुए शर्मिला ने कहा, च्मुझसे ज्यादा उस समय फटॉग्रफर परेशान थे जबकि मुझे शूट के दौरान कोई शर्म या झिझक नहीं थी। हालांकि इसके बाद लोगों ने इस तस्वीर की काफी आलोचना की थी, तब मुझे झटका लगा। मुझे समझ में नहीं आया कि लोगों को वह तस्वीर पसंद क्यों नहीं आई। मुझे लगा कि मैं उसमें अच्छी दिख रही थी। कुछ लोगों ने इसे नजरों में आने के लिए की गई हरकत बताया जो कि मुझे बुरा लगा।

## सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर की फैन्स से अजीब डिमांड, जानें क्या?



हाल ही में अमेरिकी सीनेटर बर्नी सैंडर्स सोशल मीडिया पर छाए हुए थे। अमेरिका के नए राष्ट्रपति को लेकर जो समारोह आयोजित किया गया था, वहां सेलिब्रिटीज, पॉलिटिकल लीडर्स समेत तमाम मेहमान एक से एक आउटफिट पहनकर पहुंचे थे, लेकिन बर्नी सैंडर्स इन सबसे हटकर बेहद आरामदायक कपड़े पहनकर पहुंचे। उन्होंने फैशन या स्टाइल स्टेटमेंट की बजाय कंफर्ट को तरजीह दी। ऐसे में दुनिया में उनके इस अंदाज को लेकर काफी मीम्स छाए रहे। बॉलिवुड की कई फिल्म और डायलॉग्स भी उनकी तस्वीर के साथ मीम्स के रूप में शेयर किए जा रहे थे। अब इस बारे में अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी एक फोटो शेयर कर एक मजेदार इच्छा जाहिर की है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है जिसमें वह शीशे के सामने अपने गालों पर दोनों हाथ रखे हुए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, च्आप जानते हैं ना मुझे मीम्स से कितना प्यार है? इसलिए अपना मीम्स गेम शुरू करें! इस फोटो का प्रयोग कर मीम्स बनाएं और मुझे टैग करना ना भूलें! बता दें सोनाक्षी की इस फोटो पर फैंस भी कई मजेदार कॉमेंटस कर रहे हैं। वैसे सोनाक्षी अकेली नहीं हैं जिनके मीम्स बर्नी सैंडर्स के साथ बन रहे हैं। इससे पहले कई बॉलिवुड सिलेब्रिटीज के फोटोज के साथ बर्नी सैंडर्स की तस्वीर के मीम्स सोशल मीडिया पर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। अब आपको सोनाक्षी के मीम्स भी सोशल मीडिया पर देखने को मिलेंगे।

# खुशी कपूर ने लिया न्यू यॉर्क के ऐक्टिंग स्कूल में दाखिला, 2022 में करेंगी बॉलिवुड डेब्यू



पिछले दिनों खबर आई थी कि बोनी कपूर और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर भी ऐक्टर बनना चाहती हैं और बोनी ने उन्हें इसकी इजाजत भी दे दी है। अब खबर है कि खुशी ने न्यू यॉर्क के स्टार्सबर्ग थिअटर ऐंड फिल्म इंस्टीट्यूट में एक सेमेस्टर के ऐक्टिंग कोर्स में एडमिशन ले लिया है और वह अमेरिका के लिए रवाना हो गई हैं। खुशी जब अपना ऐक्टिंग कोर्स पूरा कर लेंगी उसके बाद ही हिंदी फिल्मों में डेब्यू करेंगी। एक सूत्र ने बताया है कि खुशी को साल 2022 में बॉलिवुड फिल्म से लॉन्च किया जाएगा। खुशी को लॉन्च करने के लिए करण जौहर पहले ही बोनी कपूर को ऑफर दे चुके हैं। करण के प्रॉडक्शन हाउस ने जान्हवी कपूर को भी फिल्म च्धड़कज से लॉन्च किया था। हालांकि खुशी और उनके परिवार को अभी डेब्यू की कोई जल्दी नहीं है। श्रीदेवी भी अपनी दोनों बेटियों को बेहतरीन ऐक्टिंग स्कूल में भेजना चाहती थीं क्योंकि उन्होंने कभी भी ऐक्टिंग की ट्रेनिंग नहीं ली थी। जहां तक जान्हवी की बात है तो उनके पास इस समय कई फिल्में हैं। जान्हवी राजकुमार राव के साथ च्रूही अफसानाज, कार्तिक आर्यन के साथ च्दोस्ताना 2ज, करण जौहर की च्तख्तज और आनंद एल राय की च्गुड लक जेरीज में नजर आने वाली हैं।

# पति के साथ रिया की इन तस्वीरों की चर्चा, निशांत मलकानी के साथ लव मेकिंग सीन लीक पर रही थीं विवादों में



चूड़ी जो खनकी हाथों में..याद पिया की आने लगीज फेम ऐक्ट्रेस रिया सेन आज भी उतनी ही खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आती हैं, जितनी बॉलिवुड में एंट्री के समय में वह हुआ करती थीं। रिया के इस म्यूजिक विडियो से वह घर-घर में मशहूर हो गई थीं और इसने उनके करियर की तमाम दरवाजे खोल दिए थे। रिया आज अपना 40वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। तब रिया केवल 16 साल की थीं और इतनी सी उम्र में उन्हें स्टारडम मिल गया था। टीवी विज्ञापनों से लेकर फैशन शोज और मैगजीन के कवर तक, हर जगह रिया सेन छाई हुई थीं। उस वक्त लगभग हर फिल्ममेकर उन्हें अपनी फिल्म में लेने की चाहत रखते थे। मॉडल और ऐक्ट्रेस रिया सेन का जन्म कोलकाता में हुआ था। उनकी ग्रैंडमदर सुचित्रा सेन, मां मुनमुन सेन और बहन राइमा सेन हैं जो कि फिल्मों से जुड़ी हुई हैं। रिया सेन मशहूर बंगाली ऐक्ट्रेस मुनमुन सेन की बेटी हैं। चूंकि उनका फिल्मी बैकग्राउंड रहा, इसलिए रिया को ऐक्टिंग का हुनर विरासत में मिला था। फिल्मी बैकग्राउंड होने के बाद भी रिया सेन ने अपने दम पर ही फिल्मों में आगे बढ़ना शुरू किया। रिया सेन को पॉप्युलैरिटी भले ही फाल्गुनी पाठक के म्यूजिक विडियो से मिली, लेकिन ऐक्टिंग की दुनिया में उन्होंने बचपन में कदम रख दिए थे। 1991 में आई फिल्म च्विषकन्याज में पूजा बेदी लीड रोल में थीं और इस फिल्म में रिया सेन ने उनके बचपन का किरदार निभाया था। रिया सेन ने 2001 में आई फिल्म च्स्टाइलज में नजर आईं और यह उनके लिए एक सक्सेसफुल लॉन्च पैड साबित हुई थी। इसके बाद रिया ने च्झंकार बीट्सज में काम किया और वह हिट रही। भले ही उस फिल्म में किया का छोटा सा रोल था, लेकिन उन्हें नोटिस किया गया। बॉलिवुड में अपने जलवे दिखाने के अलावा रिया सेन ने बंगाली, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा की फिल्मों के अलावा इंग्लिश मूवी में भी काम किया। लेकिन धीरे-धीरे रिया फिल्मों में कम नजर आने लगीं और फिर 2017 में उन्होंने वेब सीरीज का रुख कर लिया। रिया अपनी फिल्मों में इंटींमेट सीन को लेकर काफी खबरों में रही हैं। फिल्म च्रागिनी एमएमएस रिटर्न्सज में रिया और उनके को-स्टार निशांत मलकानी के बीच फिल्माया गया एक लव-मेकिंग सीन लीक हुई थी, जिसके बाद काफी सुर्खियों में रही थीं। अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी रिया काफी चर्चा में रहीं। उनका नाम कई स्टार्स के साथ जुड़ा, लेकिन उस वक्त सभी हैरान रह गए जब रिया सेन ने गुपचुप तरीके से अपने बॉयफ्रेंड शिवम तिवारी से 2017 में शादी कर ली। रिया की बहन राइमा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस शादी की तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि दोनों की शादी हो चुकी है। फैन्स इस झटके से हैरान रह गए थे। रिया-शिवम ने पुणे में परिवार वालों और कुछ खास दोस्तों व अपनों की मौजूदगी में शादी रचाई थी।

## विद्युत जामवाल की सनक होगी हॉलिवुड फिल्म जॉन क्यू का रीमेक



बॉलिवुड के ऐक्शन स्टार विद्युत जामवाल अब फिल्ममेकर विपुल शाह की अगली फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म का नाम सनक होगा और इसका फर्स्ट लुक एक दिन पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज कर दिया गया है। यह एक ऐक्शन फिल्म होगी और बताया जा रहा है कि यह हॉलिवुड फिल्म च्जॉन क्यूज का हिंदी रीमेक होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में विद्युत एक हॉस्पिटल के बेड पर गन के साथ दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह बंदूक की नोंक पर किसी की कैद में दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और इसे मार्च 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि साल 2002 में आई फिल्म च्जॉन क्यूज में डेंजल वॉशिंगटन लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स की कहानी है जो अपने 9 साल के बेटे के हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

वन-टू-वन



## 80 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी सत्येंद्र ठाकुर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

दतिया पुलिस की सिटी के चप्पे-चप्पे पर नजर अपराधी रहे सावधान

**संदीप प्रधान, पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड जी के दिशा निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मौर्य व एसडीओपी सुमित अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में आज कोतवाली पुलिस द्वारा लोगो के साथ 80 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी सत्येंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम खजुरी को ठंडी सड़क से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की । दिनांक 26-05- 21 को आवेदक अजय सेन पुत्र गौरीशंकर सेन निवासी छोटा बाजार दतिया द्वारा थाना धीरपुरा पुलिस को शिकायत की थी ,कि सत्येंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम खजुरी ने प्रॉपर्टी खरीदने तथा उसमें पैसे दुगने करने की कह कर अजय सेन से 49,30,000 राकेश कमरिया से 30,26,000 बैंक अकाउंट व नकदी के माध्यम से प्राप्त किए बाद में पैसे वापस ना कर आरोपी अपने घर से फरार हो गया जिस पर थाना धीरपुरा में आरोपी के खिलाफ दिनाँक 04-06-21 को अपराध क्रमांक 54/ 21 धारा 420 , 406 ताहि का पंजीबद्ध किया गया उक्त दिनांक से ही आरोपी की दतिया पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी । दतिया पुलिस कि बड़ी उपलब्धि कई लोगो के साथ कि धोखाधड़ी ,बड़ी धोखाधड़ी का होगा पर्दाफाश थाना प्रभारी कोतवाली रविन्द्र शर्मा, आर रविन्द्र यादव,जसवंत यादव,दिलीप प्रधान, राघवेंद्र गुर्जर की रही आरोपी कि गिरफ्तारी में महत्त्वपूर्ण भूमिका ।




## चंम्बल में अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया जी की सराहनीय पहल...

दो से अधिक बेटियों के माता-पिता को मिलेगा लाडली गौरव सम्मान पात्र माता -पिता को दिलाई जाएगी पेंशन...

**केशब पंडित जी , पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह... अम्बाह दो से अधिक बेटियों के लालन पालन पोषण का दायित्व भली-भांति निभाने वाले एक सैकड़ा से अधिक माताओं-पिताओं को जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम राजीव समाधिया ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में अम्बाह नगर के एक सैकड़ा उन परिवारों के माता-पिता का सम्मान किया जाएगा जिनके बेटे नही है दो से अधिक बेटियां हैं और जिनकी आयु 49 वर्ष से अधिक है। और जो पेंशन पात्रता में आते हैं उनको तत्काल पेंशन प्रदान करने हेतु सभी कागजी कार्रवाई पूरी की जाएगी और बीपीएल कार्ड की भी पात्रता दिलाई जायेगी इस हेतु नगर पालिका परिषद और महिला बाल विकास विभाग द्वारा एक सैकड़ा परिवारों को प्रथम चरण में पहले शहर अम्बाह में चिन्हित किए जाने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा उपयंन्त्री के के दीक्षित अम्बाह पटबारी शिबमोहन सिह महिला बाल विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह व पत्रकार और समाजसेवी उपस्थित थे।

## पोरसा पुलिस ने रोको टोको अभियान के तहत 22 लोगों से 9250 रुपए वसूले

*पोरसा। लोगों को समझाइश देने के लिए पोरसा पुलिस टीआई रामपाल सिंह जादौन के निर्देशन में आज पुलिस थाना के गेट पर रोको टोको अभियान के तहत लगभग 2 सैकड़ा से अधिक बाइक सवारों को रोका उनको मास्क पहनने की समझाइश दी गई द्य कोरोना गाइडलाइन के बारे में बताया गया एवं कागजात पूरे न होने पर 22 मोटरसाइकिल वह बस के चालान काटकर ?9250 वसूल किए गए द्य*

*रोको टोको अभियान में टी आई रामपाल सिंह जालौन, एस आई बीर सिंह कुशवाह, राहुल शुक्ला, राजेश सिंह कुशवाह, रतन सिंह तोमर, धीरज सिंह, मनोज सिंह, सुरेश सिंह, के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई इसमें लोगों को वाहन चलाने के नियम कोरोना से बचने की बारे में समझाइश दी गई, उक्त कार्रवाई गत 2 दिन से जारी है 2 दिन में पोरसा पुलिस ने 22 लोगों के चालान काट कर 9250 वसूल किए ।*

# पीएम मोदी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को नागरिक उड़ान मंत्री बना कर चंबल क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ाया:रमेश दुबे'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





*भिंड(ब्यूरो)। ग्वालियर एयरपोर्ट प्रांगण में ग्वालियर से मुंबई ,अहमदाबाद,पूना और जबलपुर से दिल्ली की स्पाइस जेट विमान सेवा शुरू हुई।।इस कार्यक्रम को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमन्त ज्योतिरादित्य सिंधिया,केंद्रीय कृषि मन्त्री नरेन्द्र सिंह तौमर, प्रदेश के मुख्य मन्त्री शिवराज सिंह चौहान ने ने वर्चुअली अपना सम्बोधन दिया।।ग्वालियर में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट,ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर और ग्वालियर के सांसद श्री विवेक शेजवलकर ने सम्बोधित किया।।इस अवसर पर मुख्य सम्बोधन में श्री मन्त ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि किसी भी देश और प्रदेश की सम्रद्धि का आधार उसका पर्यटन होता है।।पर्यटन की दृष्टि से इन उड़ानों का शुरू होना आवश्यक था।।उन्होने कहा कि प्रदेश के 100 हवाई अड्डों का का विस्तार किया जाएगा।।जिससे पूरे देश के अधिकांश शहरों को हवाई तौर पर जोड़ा जाए अधिक से अधिक उड़ाने शुरू की जा सकें।। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने बताया है कि इस कार्यक्रम में भाग लेकर पूरे देश मे हवाई जहाज की सेवाओं उड़ानों के विस्तार को लेकर श्रीमन्त ज्योतिरादित्य सिंधिया के विचारों को सुना।डॉ रमेश दुबे ने ग्वालियर को देश के प्रमुख शहरो से हवाई यात्राओं से जोड़ने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।।डॉ दुबे ने कहा है कि इन हवाई उड़ानों से ग्वालियर चम्बल सम्भाग ही नही अपितु पूरे प्रदेश की जनता को यात्रा की सुविधा होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।।*

*भिंड से एयरपोर्ट पहुंचे जहां कार्यक्रम में शिरकत करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश दुबे भाजपा महिला मोर्चा की युवा नेत्री श्रीमती सरोज जोशी, अनुराग मिश्रा प्रमुख शामिल थे।*

# कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**



पाली/विश्वव्यापी महामारी के बढ़ते प्रकोप को नियंत्रण करने के लिए केंद्र सरकार राज्य सरकार की ओर से हर संभव बचाव संबंधित पूरा प्रयास किया जा रहा है। पाली जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कोराना मुक्त भारत को सफल बनाने के लिए शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोराना टीकाकरण कैंप संचालित किए जा रहे हैं। शनिवार को 18+ 45+ 65+आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्रथम और दूसरे डोज की कोराना खुराक दी जाएगी। पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत वडेर वास के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कोराना टीकाकरण कैंप संचालित किया जाएगा। जिले के अलग-अलग टीकाकरण केंद्रों पर टीकाकरण करने के लिए मुख्य ब्लॉक चिकित्सा विभाग पाली के आदेश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रशासन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को टीकाकरण कैंप को लेकर सूचित करने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा कोरोना टीका लगाने के लिए अपील की गई। मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कराडी सरपंच भंवरलाल ने बताया कि शनिवार को 18 + से अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोराना की प्रथम और दूसरे डोज की कोराना खुराक दी जाएगी। वडेर वास सरपंच लीला देवी सिरवी ने बताया कि टीकाकरण में तेजी लाने के लिए कोर कमेटी के सदस्य स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंचायत प्रशासन के कार्मिकों ने लगातार जिला प्रशासन के आदेश की पालना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करके लोगों को ज्यादा से ज्यादा कोराना टीके लगाने के लिए अपील की गई। प्रधानाचार्य । पी ई ई ओ ग्राम पंचायत वडेरावास राजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। वडेरावास टीकाकरण कैंप के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण कैंप के दौरान अपनी उपस्थिति देने के लिए सूचित किया गया। एएनएम गायत्री व्यास द्वारा प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जाएगा।

## नपा परिषद भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड श्री अक्षय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार व अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के मार्गदर्शन अनुसार नगर पालिका परिषद भिण्ड में श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड देवेश शर्मा द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, मीडिएशन, नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारें में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।



## कोरोना वोलेंटियर अभिषेक मौर्य एक माह से दे रहे कॉविड सेमलिंग में सेवा

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर कोरोना वोलेंटियर अभिषेक मौर्य बड़ौदा टीम हॉस्पिटल के साथ एक माह से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर और सामरसा चौकी पर कोरोना की जांच कर रहे हे, उनके साथ समय समय पर जरूरत पड़ने पर कोरोना वोलेंटियर ओमप्रकाश आकोदिया भी सेवा देते रहते हे, अभिषेक मौर्य ने कहा यह आम नागरिकों के लिए कोरोना वायरस विपत्ति का समय हे और इस समय पर हम सभी समाजसेवी लोगो को आम नागरिकों की हर संभव मदद हेतु तैयार रहने की अपील की हे, इसी मानवीय कार्य को देखकर जन अभियान परिषद की समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने दोनो के कार्यों की सराहना की!

# देश का किसान सरकार की जुमलेबाजी में नहीं आएंगे भरत कालबेले प्रदेश सचिव असंगठित कामगार कांग्रेस

### कृषि बजट के नाम पर गौतम अडानी और अंबानी की कंपनियों को लाभ पहुंचाने का खेल , सरकार की जुमलों की खुली पोल

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट / असंगठित कामगार कांग्रेस मध्यप्रदेश के प्रदेश सचिव भरत कालबेले जी ने सरकार की नीतियों और रवैयों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मध्य प्रदेश संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले झूठ की बारिश हो रही है! कटाई ,रोपाई और कोरोनावायरस के बाद दिल्ली के मोर्चे पर किसानों पर लौटना जारी है किसान मोर्चा से जुड़ी हुई है संगठन में कोई भी संगठन अभी किसान आंदोलन से अलग नहीं हुआ है फिर भी सरकार को कुप्रचार, दुष्प्रचार का ही सहारा है। आए दिन दरबारी मीडिया में ऐसी खबरें चलती है मानो किसान आंदोलन अब अपराध और गुंडागर्दी के अड्डे बन गए! हर बार सरकार का झूठ पकड़ा जाता है लेकिन अगले झूठ की तैयारी शुरू हो जाती है! आगामी संसद अधिवेशन में किसान सभी सांसदों को निवेदन कर रहे हैं कि इधर-उधर की बातें छोड़कर किसानों के दुख दर्द और किसान विरोधी कानून का मुद्दा उठाएं!



किसानों को ठगने का और बड़ा नमूना मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मीडिया के सामने ऐसे प्रचारित किया गया कि मोदी सरकार ने खेती किसानी के लिए बजट की सौगात दी है लेकिन सिर्फ जुमला साबित हो रहा है पिछले बजट सत्र में वर्तमान वित्त मंत्री जी के द्वारा इस साल कृषि मंडियों को एक लाख करोड़ बजट की घोषणा कृषि निवेश के लिए हो चुकी है लेकिन इसके विपरीत 43000हजार करोड़ का ही लोन सैंक्शन किया गया, जिसमें अभी तक 100 करोड़ का लोन भी नहीं दिया गया है यह सिर्फ देश के किसानों के साथ सिर्फ एक जुमलेबाजी ही साबित हो रही है दावे की जांच पर पता चलता है इसमें तीन झूठ है जिसमें कृषि निवेश जैसा कोई फंड सरकारी फंड है ही नहीं यह कृषि क्षेत्र को कुछ विशेष कामों के लोन देने का टाइम किया एक लक्ष्य मात्र है यह लोन सरकार नहीं बैंक देंगे यह फंड किसानों के लिए है ही नहीं यह लोन का लाभ वेयरहाउस बनाने वाले गौतम अदानी और मार्केटिंग करने वाली अंबानी की कंपनी को मिलेगा।

# 'प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के साथ हुए सौतेले व्यवहार के लिए प्रशासन की मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे:पंकज त्रिपाठी

## प्रभारी मंत्री की प्रेस कांफ्रेंस का पत्रकारों ने किया बहिष्कार

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पुष्पांजली टुडे के मध्यप्रदेश स्टेट ब्यूरो हेड ने जिला भिण्ड में 15 जुलाई को नवनियुक्त प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की जिला पंचायत सभागार में प्रेस कांफ्रेंस के लिए जिला प्रशासन एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा पत्रकारों की लिस्ट तैयार की जिसमें जिले के प्रबुद्ध पत्रकारबन्धुओ के साथ सौतेला व्यवहार किये जाने की जानकारी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह भिण्ड जिला प्रशासन एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा पत्रकारों की स्वतंत्रता पर एक बहुत बढ़ा कुठाराघात है,यह जिला के पत्रकारों का घोर अपमान है। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पंकज त्रिपाठी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय आगे से कभी भूलकर भी जिले के किसी भी पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का सौतेला व्यवहार नहीं करे अन्यथा इस संबन्ध में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मध्यप्रदेश सरकार के जनसम्पर्क मंत्री महोदय से मिलकर शिकायत करेगें। कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला भिण्ड के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री के रूप में प्रथम नगर आगमन हुआ।

प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रथम आगमन पर हुआ हंगामा, जहां एक तरफ तो पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं



सिंधिया समर्थकों के बीच में मतभेद देखने को मिला।जिला प्रशासन कांग्रेस पार्टी द्वारा पुतला दहन रोकने में पूरी तरह नाकाम रहा।

प्रभारी मंत्री जी का जगह जगह स्वागत समारोह हुए, प्रभारी मंत्री की प्रेस कांफ्रेंस होना थी,प्रेस कांफ्रेंस के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार शर्मा ने पत्रकारों को आमंत्रित किया, जिले के पत्रकारबन्धु मंत्री जी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए जिला पंचायत भवन पहुंचे तो वहां प्रशासन द्वारा जो लिस्ट तैयार की उस लिस्ट में चंद पत्रकारों के ही नाम थे जब पत्रकारबन्धु कांफ्रेंस के लिए अंदर प्रवेश करने को हुए तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया, पत्रकारों ने कहा कि वह यहां भाजपा के मीडिया प्रभारी द्वारा आमंत्रित करने पर आये हैं, लेकिन सभागार में मंत्री जी की प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस ने यह कहकर रोक दिया कि जिनके लिस्ट में नाम है वहीं अंदर जा सकते हैं, जिस पर पत्रकार भड़क उठे और जिला प्रशासन एवं जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा किये गए सौतले व्यवहार के विरोध में नारेबाजी करते हुए मंत्री जी प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया, जब प्रभारी मंत्री जी को पता चला तो उन्होंने प्रशासन से कहा कि पत्रकारों से हमेशा भाई जैसा रिश्ता रहा है, उनके हर सवालों का जबाब देना हमारी जिम्मेदारी है ,साथ उन्होंने कहा कि आगे से ऐसा नहीं होना चाहिए।गुस्साए पत्रकारों ने नाराजगी जाहिर करते हुए मंत्री जी की प्रेस कांफ्रेंस में शामिल न होते हुए प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया।पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कलेक्टर एवं पीआरओ ने मिलकर जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा भाजपा सरकार के चहेते या कलेक्टर एवं जनसंपर्क अधिकारी के चाटूकारिता करने वाले ही पत्रकारों के नाम लिस्ट में रखें गए हैं।

## वन-टू-वन



एक अच्छी पहल

### गौ माता को गुड़ का भोग लगाकर हरा चारा खिलाकर मनाया अपना जन्मदिन

*पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट*

श्योपुर जिले में गौ सेवको के अथक प्रयास और निरन्तर सेवा के चलते अब आमजन में भी गौ सेवा के प्रति भाव जागृत होने लगे है राष्ट्रीय गौ सेवा संघ श्योपूर द्वारा घायल व बीमार गौ माता की सेवा के लिए संचालित गौ सेवा धाम में आये दिन आमजन भी अपना जन्मदिन मनाने और सामर्थ्य अनुसार सहयोग प्रदान करने लगे आज पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ते हुए भारतीय संस्कृति को अपनाकर जन्मदिन मनाने की पहल करते हुए गौ सेवा धाम में सोई निवासी देवेंद्र गौड़ ने बेटे कृष्णा गौड़ के जन्मदिन पर राष्ट्रीय गौ सेवा संघ श्योपुर द्वारा घायल व बीमार गौ माता की सेवा के लिए बने गौ सेवा धाम में सर्वप्रथम गौ माता का पूजन कर व गुड़ का भोग लगाकर हरा चारा खिलाकर व गौसेवार्थ घायल व बीमार गौ माता के लिए आर्थिक सहयोग कर मनाया अपना जन्मदिन गौ पूजन के अवस पर गौसेवक किम्मी गौतम,राधे पचौरी, विष्णु शर्मा मनीष गोड़ उद्यम मीना विष्णु गोंड़ छविनेश योगेंद्र शर्मा अभिषेक सेन मधुवन गोड़ सुरेश गोड़ सोनू मीणा मनीष शर्मा लक्की शर्मा कृष्णा गोड प्रियांशु गोड़ उपस्थित रहे!



### भिंड जिले के मेहगांव में बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस नेता राहुल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में बिजली घर का घेराव किया गया

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**

विद्युत अधिकारियों को बेशर्म के फूल भेंट किए गए। घेराव कर रहे कांग्रेसियों का कहना था कि बिजली समस्या को लेकर जनता त्राहि-त्राहि कर रही है लेकिन अधिकारी बेशर्म बने हुए बैठे हैं। ऐसे में उनको जगाने के लिए उन्होंने बेशर्म के फूल अधिकारियों को भेंट किए हैं ताकि उनके अंदर शर्म जागे और वह उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली प्रदान करें। युवा नेता राहुल सिंह भदौरिया ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिदिन 8 से 10 घंटे अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जो तत्काल बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई मेंटेनेंस करना भी है तो 2 दिन पूर्व उसकी सूचना दी जाए, ताकि लोग उसकी पूर्व से वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। राहुल सिंह भदौरिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विद्युत अधिकारियों ने अपना लहजा नहीं सुधारा और विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं किया तो वह अभी तो सबको बताकर केवल घेराव कर रहे हैं लेकिन आगे वह बिना बताए विद्युत अधिकारियों का मुंह काला करने का काम करेंगे। वहीं इस मामले पर जब विद्युत अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से केबल जलने और लाइन फॉल्ट होने से बिजली की समस्या पैदा हो रही है। उनकी टीमें लगातार केबल बदलकर और घूम घूम कर समस्या को दूर करने का प्रयास करती है। वहीं जब पूछा गया कि उनके अधिकारी एवं कर्मचारी कॉल रिसीव नहीं करते, इस पर जवाब दिया गया कि उनको समझाया जाएगा कि वह कॉल रिसीव करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्युत समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

### अंकुर अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

अम्बाह। अंकुर अभियान के तहत धरती को हरा-भरा करने के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा वृहद रूप में पौधा रोपण अभियान की शुरुआत की गई है नेहरू पार्क के आसपास वाले क्षेत्रों में आज पौधा रोपण किया गया इस अवसर पर सुपरवाइजर श्रीमती ममता जैन ने बताया कि अंकुर अभियान के तहत सांस नई आंस नई कार्यक्रम के तहत ने हमने इस पौधा रोपण अभियान में पीपल बड़ एवं फलदार पौधों का रोपण किया है पर्यावरण संतुलन के हिसाब से पीपल और बड़ बहुत जरूरी है । इन पौधों का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में भी फलदार पौधे अच्छी प्रजाति के रोपे जा रहे हैं और किसानों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है किसान ये पौधे अपने खेत की मे? या आंगन या बाड़ी में लगा सकते हैं ।जो भविष्य में उनकी अतिरिक्त आमदनी के साथ - साथ पर्यावरण का संतुलन बनाने में भी सहायक होंगे । शास्त्रों में आता है कि इस कलयुग में एक पेड़ लगाने से एक अश्वमेध यज्ञ का पुण्य मिलता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को जीवन में दो वृक्ष जरूर लगाना चाहिए । अन्यथा प्राकृतिक अपराध माना जाता है । इस अवसर पर श्रीमती ममता जैन विनीता श्रीवास्तव रामा मंजू कीर्ति सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# 'हमीदिया अस्पताल कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से लड़ने को फिर से तैयार'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल।भोपाल स्थित हमीदिया अस्पताल और उसके मेडिकल स्टाफ ने कोरोना की दूसरी लहर में लोगों के लिए समर्पण की नई इबारत लिखी है यहां पर 7 हजार से अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का बेहतर तरीके से इलाज किया गया। आज हमीदिया में कोरोना वार्ड पूरी तरह से खाली है और कोई भी कोरोना संक्रमण का मरीज भर्ती नहीं है। कोरोना बीमारी के इलाज में लगातार नर्स, डॉक्टर, सफाई कर्मी और पूरा स्टॉफ अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना लगातार काम करता रहा और मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया।

हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लोकेंद्र दवे ने बताया कि भोपाल में 90 प्रतिशत मरीज क्रिटिकल मेडिकल कंडीशन में लाए गए थे यहाँ पर आने वाले मरीजों में बहुत सारे ऐसे थे जिन्हें दूसरे निजी अस्पतालों ने इलाज करने से मना कर दिया था। इसके साथ ही दूसरे जिले के रिफर मरीजों को भी एडमिट किया गया था। कई दिनों तक निजी अस्पतालों में इलाज करने के बाद उनका इलाज करने से मना कर दिया गया था। ऐसे मरीजों की संख्या भी बहुत अधिक थी यह सभी गंभीर स्थिति में लाए गए थे। भोपाल में हमने लोगों को भरोसा दिलाया उस भरोसे के दम पर आज हमीदिया अस्पताल में कोई भी संक्रमित मरीज भर्ती नही है और संख्या जीरो पर आ गई है और हम सब के लिए एक विशेष उपलब्धि है।

डॉ. दवे ने बताया कि 99 प्रतिशत मरीजों को हमने पूरी तरह स्वस्थ करके घर भेजा है। हमीदिया अस्पताल में सबसे लंबे समय तक एक मरीज जो बरेली के रेजिडेंट डॉक्टर है,इनके 95 प्रतिशत तक लंग्स खराब हो चुके थे और कोरोना संक्रमण बहुत अधिक फैला हुआ था। डेढ़ महीने तक इलाज चला है। इसी समय विदिशा मेडिकल कालेज के एक स्टूडेंट भी डेढ़ माह से अधिक तक भर्ती रहे हैं और पैरामेडिकल स्टॉफ की नर्स इलाज करते हुए संक्रमित हो गई थी उसका भी दो माह तक इलाज चला लगभग 95 प्रतिशत तक लग्स



प्रभावित हुए थे। आखिरी मरीज के रूप में दो दिन पहले वह भी स्वस्थ होकर घर चली गई। डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ ने इनको भी अपनी लगन और मेहनत से बचाया और पूरी तरह स्वस्थ करके घर तक पहुंचाया है।

हमीदिया के डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ लगातार अपनी सेवा में लगा रहा। सभी ने कभी- कभी 3 शिफ्टो में भी काम किया है। कोरोना संक्रमण काल में मरीजों की नई-नई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही थी उनमें हर मरीज की अपनी - अपनी समस्या थी इन समस्याओं से निपटने के लिए हमें अलग प्रकार के स्टडी मॉडल को तैयार करना पड़ा और मरीज की समस्याओं को देखते हुए उसको उस प्रकार के इलाज की व्यवस्था की गई। कोरोना के लगातार बढ़ते मरीज भी एक चुनौती बनी हुई थी। ऑक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए भी मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार संपर्क स्थापित किया गया। जिला-प्रशासन और संभागायुक्त के निर्देशन में बेहतर से और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहे हैं। सीमित संसाधनों के बाद भी हमीदिया अस्पताल ने बेहतर परिणाम दिए और 99 प्रतिशत मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ किया और अन्य लोगों ने भी लगातार मरीजों की सेवा में दिन-रात एक किया।

मरीजों के परिजनों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं कराई गई। हमीदिया अस्पताल में अब कोरोना संक्रमण का कोई मरीज नहीं है, यह हम सब के लिए उपलब्धि है। उस भीषण काल में जब कोरोना अपने पीक पर था हर जगह बिस्तरों की मारामारी हो रही थी। उस परिस्थितियों में भी हमने समन्वय, शांत रहते हुए काम किया और अधिक से अधिक लोगों को ग्रेडिंग के हिसाब से व्यवस्थित कर उनको ऑक्सीजन, वेंटिलेटर साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। डॉ. दवे ने बताया कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए हमने अभी से कमर कस ली है। स्टाफ मेडिकल, डॉक्टर्स इन लोगों को विशेष प्रशिक्षण और मनोचिकित्सक के साथ काम करने के लिए तैयार किया है, इसके साथ ही अस्पताल में बिस्तर की संख्या बढ़ाई गई है, ऑक्सीजन स्टोरेज क्षमता में वृद्धि की गई हैं। ऑक्सीजन प्लांट लगाया जा रहा है, जिससे यहाँ पर 500 मरीजों को एक साथ ऑक्सीजन की 24 घंटे उपलब्ध बनी रहेगी। इसके साथ-साथ आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता के लिए भी अभी से आर्डर कर दिए गए हैं जिससे कि यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो उसका तुरंत इलाज संभव हो सके।

## 5 -5 हजार के इनामी बदमाश दतिया थाना सिविल लाइन पुलिस की गिरफ्त में अब अपराधियों पर रहेगी दतिया पुलिस की सख्त नजर

**संदीप प्रधान, पुष्पांजली टुडे**

अमन सिंह परिहार हत्याकांड के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार दिनांक 01.07.2021 को ग्राम काली पहाड़ी मैं देर रात्रि अमन सिंह परिहार की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें फरियादी बलवंत परिहार पुत्र राम सिंह परिहार निवासी काली पहाड़ी दतिया द्वारा आरोपीगण देवेंद्र सोलंकी पुत्र चतुर सिंह सोलंकी उम्र 31 वर्ष जहेंद्र पुत्र नाहर सिंह सोलंकी उम्र 38 वर्ष कृष्णपाल उर्फ महू पुत्र माधौ सिंह सोलंकी उम्र 19 वर्ष परमाल पुत्र भूपत सिंह सोलंकी उम्र 36 वर्ष एवं पंजाब सिंह पुत्र रूप सिंह सोलंकी उम्र 41 वर्ष रविंद्र सिंह सोलंकी पुत्र रूप सिंह सोलंकी संजय उर्फ संजू सोलंकी पुत्र राजेंद्र सिंह जिपेंद्र सोलंकी पुत्र माधव सिंह सोलंकी निवासी गण काली पहाड़ी दतिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 206/21 धारा



302,147,148,149,294 भादवी 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 -5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु दतिया सिटी एसडीओपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया आज दिनांक 16/7/ 2021 को पुलिस अधीक्षक दतिया श्री अमन सिंह राठौर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य जी के मार्गदर्शन में टीआई सिविल लाइन राकेश साहू रचना माहुर एसआई संजेस सिंह भदोरिया आरक्षक हेमंत प्रजापति कमलदीप राय गोविंद प्रताप चालक विवेक शर्मा को उस वक्त उल्लेखनीय सफलता मिल गई जब मुखबिर द्वारा बताया गया कि काली पहाड़ी के जंगलों में उक्त हत्याकांड के आरोपी देखे गए हैं मुखबिर सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया आरोपियों के कब्जे से हथियार दो 315 बोर के कट्टा बा कारतूस बरामद किए गए।

## थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय गांव गांव में जा जाकर लोगों को सुरक्षा के उपाय

### महिलाओं की सुरक्षा के उपाय से अवगत करा रहे हैं, साथ ही कोरोना से बचने के उपाय भी बता रहे हैं



**केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

*पोरसा... शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं एवं सुरक्षा की धाराओं से अवगत कराते हुए नगरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय के द्वारा गांव गांव में चौपाल लगाकर लोगों को सजग कर रहे हैं साथ ही लोगों को कोरोना से बचने के उपाय भी बता रहे हैं मास्क लगाकर रहना अति आवश्यक है,,,,,*

*भारत सरकार की मंशा के अनुरूप नगरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय एवं उनके साथ ईएसआई रूपनारायण दौहरे ,, दिवाकर सिंह भदोरिया,, मधुराज सिंह भदोरिया, सुभाष सिंह गुर्जर, सतीश सिंह भदोरिया, आदि के द्वारा गांव गांव में चौपाल लगाकर लोगों को सुरक्षा के प्रति सजग किया जा रहा है आज ग्राम भदावली, ग्राम नगरा, ग्राम रतनपुरा ,, ग्राम कीचौल, में चौपाल लगाई उसमें सभी लोगों से एक अपील की थी कि जिन लोगों के परिवारी जन बाहर नौकरी कर रहे हैं उनकी घर पर महिला एवं बच्चे अकेले रह रहे हैं उनके पड़ोसी उनकी सुरक्षा करें एवं जरूरत पड़ने पर पुलिस को खबर करें पुलिस तुरंत सुरक्षा के उपाय करेगी,, साथ ही महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के बारे में उनके निदान के बारे में विस्तार से बताया एवं महिलाओं की सुरक्षा की जो धाराएं हैं उनके बारे में भी बताया जिससे,, महिलाएं सुरक्षित रह सके,,,यदि सभी लोग आपस में सहयोग करते हैं तो कोई भी अपराध घटित नहीं होगा हम आपके साथ 24 घंटे सुरक्षा के लिए तैयार हैं।*

## 'आगामी मानसून सत्र में पेंशन में वृद्धि नहीं हुई तो दिल्ली में होगा आत्मदाह'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो)। शुक्रवार को शहर स्थिति बद्री प्रसाद की बगिया में ईपीएस पेंशनरों की जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर वीरेंद्र सिंह राजावत विशेष रुप से उपस्थित हुये। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि लंबे अरसे से आंदोलन कर रहे देश के 65 लाख ईपीएस पेंशन भोगियों को न्यूनतम रुपए 7500 प्लस महंगाई भत्ता दिए जाने के संबंध में संसद के आगामी मानसून सत्र में निर्णय लिए जाने की पूरी पूरी संभावना है संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सांसद हेमा मालिनी की अगुवाई में विगत 4 मार्च 2020 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से



प्रधानमंत्री इस मुद्दे को लेकर अति गंभीर हैं श्रम मंत्रालय में हुआ हालिया बदलाव भी इसी का संकेत है। संगठन के जिला अध्यक्ष बी के बौहरे ने भुखमरी झेल रहे,ईपीएस पेंशनरों की अति दयनीय हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा के तिल तिल मरने की बजाय सामूहिक रूप से मर जाना बेहतर है संसद के आगामी मानसून सत्र में अगर पेंशनरों की पेंशन में वृद्धि नहीं हुई तो दिल्ली में होने वाले सामूहिक आत्मदाह में चंबल घाटी के भिंड जिले के पेंशनरों का जत्था सबसे आगे होगा। बैठक का संचालन जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राम सिया डंडोतिया ने किया आभार प्रदेश सलाहकार रमेश बाबू चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे संगठन पदाधिकारियों में दिनेश सक्सेना ,राधेश्याम शर्मा, वीडी दांतरे, इस्लाम खान चंद्रकांत बौहरे महेंद्र सिंह कुशवाह, राम प्रकाश शर्मा, दिलीप चौहान, केदार उपाध्याय ,राम कुमार त्रिवेदी ,तिलक सिंह भदोरिया, राम कुमार चौरसिया ,रामबरन यादव, अतर सिंह तोमर रमेश चंद्र शर्मा, गजेंद्र भदौरिया, सुभाष पाण्डे,रमेश शर्मा, रामसेवक उपाध्याय,रामलखन शर्मा, रविन्द्र भदौरिया सहित एक सैकड़ा अल्प पेंशनभोगी उपस्थित रहे।

## ग्राम जरगांव हुआ वृंदावन धाम श्रीमद्भागवत कथा का मूल्य नहीं करना चाहिए भागवत कथा अनमोल है : भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी

**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर से 45 किलोमीटर दूर ग्राम जरगाब डबरा चल रही भागवत कथा में आज दंदरौआ धाम से महामंडलेश्वर रामदास महाराज जी पदार्पण हुआ भागवताचार्य बताया कि सदकर्म की प्रेरणा देती है धर्म की रक्षा बिना राष्ट्र का विकास नहीं। कर्मो का फल 100 जन्म बाद भी मिलता है इसलिए मनुष्य को पुण्य कर्म करना चाहिए। ऐसा कर्म करो जो सद्गुरू भगवान को भागवत आचार्य ने बताया कि भागवत का मूल्य नहीं करना चाहिए भागवत कथा अनमोल है। यह बात सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कथा के दौरान कही।भगवान कृष्ण की





माखन मटकी फोड़ लीलाओं ने वर्णन किया गया श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा में माखन मटकी फोड़ कृष्ण कन्हैयालाल की बाल लीलाओं को सुनकर कृष्ण भक्त उत्साह के साथ भक्ति रस में डूबे श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा में पंचम दिवस को पं. घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने भगवान कृष्ण की माखन चोरी मटकी फोड़ की कथा सुनाने के साथ कृष्ण द्वारा गोपियों के आग्रह पर माखन चोरी का वृंतात सुनाया।

### लल्ला कोई साधारण नहीं ये परम ब्रहम का अवतार है

भगवान श्रीकृष्ण ने जब यशोदा मां को माटी खाने के बहाने मुख में ब्रह्माण का दर्शन कराया । उसके बाद यशोदा को अहसास हो गया कि उनका लल्ला कोई साधारण नहीं ये परम ब्रहम का अवतार है भगवान श्रीकृष्ण ने गोर्वधन को इन्द्र देवता के कोप से बचाया एवं इन्द्र के अंहकार को नष्ट किया । कथा के दौरान जैसे गोवर्धन पर्वत झांकी एवं 56 भोग के श्रद्धालुओं ने दर्शनकर उनका पूजन किया और पुरी श्रद्धा के साथ खुब नृत्य किया ।

भागवत में आज कृष्ण-रूक्मणि विवाह होगा तथा सुंदर-सुंदर झांकियां लगाई गई इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री भगवान सिंह यादव मौजूद रहे कथा के परीक्षित पंडित श्री वासुदेव पुष्पा दुबे स्वर्गीय राधेश्याम कपूरी दुबे मुन्ना लाल दुबे सुभाष दुबे सिद्धराज दुबे छविराम दुबे एवं समस्त परिवार व सभी ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर जरगांव में होने का आनंद लिया।

## वन-टू-वन



### कैट महिला एवं बेटियों की सुरक्षा एवं संरक्षण का अभियान शुरू करेगा

**ग्वालियर।** केंद्रीय महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने आज कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स( कैट) के मध्यप्रदेश पदाधिकारियों से अपने मंत्रालय में हुई एक मीटिंग में कहा कि देश के आर्थिक चक्र को मज़बूती से चलाए जाने के लिए व्यापारियों को प्रमुख रूप से जाना जाता है किंतु पूरे देश में व्यापारियों का एक बड़ा सामाजिक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण योगदान है और अब समय आ गया है जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ - बेटी पड़ाओ अभियान के साथ मध्यप्रदेश के व्यापारी संगठनों को एक मिशन के रूप में लेना चाहिए और बाज़ारों में महिलाओं की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी को उठाना चाहिए । उन्होंने कहा की प्रदेश के छोटे से छोटे हिस्से में भी व्यापारियों की दुकानें हैं और अगर उसी मोहल्ले के महिलाओं और बेटियों के अभिभावक व्यापारी बन जाएँ तो प्रदेश में किसी भी महिला या बेटी के साथ कोई दुर्घटना नहीं होगी । नई दिल्ली मंत्रालय में हुई बैठक में कैट के मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, संयुक्त अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि श्रीमती ईरानी के आग्रह को स्वीकार करते हुए कैट बहुत जल्दी ही देश भर में महिला सुरक्षा एवं समर्पण का एक वृहद अभियान शुरू करेगा और एक नई सामाजिक क्रांति का सूत्रपात करेगा ।

### दिव्यांग फांसी पर झूला

**ग्वालियर।** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र में स्थित इंदिरा नगर में रहने वाले एक दिव्यांग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के अंदर नगर निवासी पम्मी पुत्र महेंद्र सिंह 3 8 वर्ष दिव्यांग था आज सुबह उसने चाय पी और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब कमरे में पहुंचे तो हो पर फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### काम वाली बाई के साथ किया बलात्कार

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मे घर की साफ-सफाई करने आई महिला से मालिक ने दुष्कर्म कर डाला। पीडिता ने विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपी जान ने उसे जान से मारने की धमकी दे दी। बाद में पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर मोतीझील निवासी महिला के पति का कुछ साल पहले निधन हो चुका है और वह लोगों के घरों में काम कर जीवन यापन करती है। बीते रोज वह आनंद नगर निवासी विजय के घर में काम करने गई। विजय घर पर अकेला रहता है। वह जैसे ही अंदर पहुंची विजय ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने को धमकी दे दी। घटना का शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

### पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

**ग्वालियर।** हत्या के चार साल पुराने एक मामले में न्यायालय ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा और पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों ने मिलकर मृतक की गला दबाकर हत्या की थी। अपर लोक अभियोजक परमाल सिंह बघेल ने बताया कि 18-19 जून 2017 की रात शहर की नई बस्ती अमरपुरा में रहने वाले बृजेंद्र सिंह की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी। मौत गला दवाने से हुई थी। इस मामले में थाने में मर्ग कायम करने के बाद जांच की गई तो पता चला कि बृजेंद्र की हत्या उसकी पत्नी जशोदा उर्फ रानी ने अपने प्रेमी पवन उर्फ घोड़ा पुत्र उत्तम सिंह जाटव के साथ मिलकर साफी से गला दबाकर की थी। बताया जाता है कि पति और पत्नी के बीच प्रेमी के आने से दोनों के बीच विवाद होते रहते थे।

# पौधारोपण आज की महती आवश्यकता: डॉ कल्पना शर्मा

### जे.सी. मिल कन्या महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण

**ग्वालियर ।** आज मशीनरी युग में प्रदूषण को कम करने के लिए पेड-पौधे ही सबसे ज्यादा कारगर हैं, यदि हम आज भी सजग नहीं होगें तो आने वाले समय में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होगें। पौधारोपण आज की महती आवश्यकता है। उक्ताशय के विचार जेसी मिल कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना शर्मा ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। ग्रीन ग्वालियर की परिकल्पना को साकार करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष पौधारोपण अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि जहां भी पौधे लगाए जाएं वहां प्रत्येक पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी सुनिश्चित हो, इससे अधिक से अधिक पौधे सर्वाइव कर वृक्ष के रुप में परिवर्तित हो सकें तथा ग्वालियर के रहवासियों को हरियाली युक्त वातावतरण मिल सके। नगर निगम



के पार्क विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान में आज जे.सी. मिल कन्या महाविद्यालय परिसर में 100 पौधे अशोक, गुलमोहर, तुलसी, हरसिंगार, तिकोमा, करोंदा, अमरूद, चाँदनी आदि के महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय प्रशासन व छात्राओं के सहयोग से लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन के साथ ही शिक्षकों, शिक्षकाओं व छात्राओं ने भी पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जेसी मिल कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना शर्मा ने सभी शिक्षक व शिक्षकाओं के साथ ही छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति हमें अब सर्तक होना पडेगा क्योंकि यदि हम अब भी लापरवाही करते रहे तो आने वाले समय में कई कठिनाईयों का सामना करना पडेगा। उन्होंने कहा कि शुद्व वायु हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए अति आवश्यक है और आधुनिकीकरण व मशीनरी युग में चारों ओर निरंतर प्रदूषण बढ रहा है। ऐसे में जितने अधिक से अधिक पेड पौधे हमारे आसपास होगें हमें उतनी ही शुद्व वायु मिलेगी।

# 40 फीट ऊंची टंकी से कूदी महिला की मौत, एक दिन से थी लापता



### ऊंचाई से लगता था डर, फिर भी पानी की टंकी पर चढ़ी विवाहिता और लगा दी मौत की छलांग

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 40 फीट ऊंची पानी की टंकी से एक 28 साल की विवाहिता ने मौत की छलांग लगा दी। इतनी ऊंचाई से गिरते ही महिला की मौत हो गई। घटना रात की थी तो महिला की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन शुक्रवार सुबह महिला की पहचान हुई है। मृतक दहेज प्रताड़ना की शिकार थी। एक दिन पहले गुरुवार दोपहर 12 बजे वह घर से निकली थी।

रात को कंपू सेकंड बटालियन के पानी की टंकी पर पहुंची कूद गई। मुरार थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज थी। महिला के बारे में पता लगा है कि उसे ऊंचाई से डर लगता था, लेकिन वह इस कदर परेशान थी कि उसने उसी ऊंचाई पर पहुंचकर आत्महत्या कर ली। पहचान होने के बाद पुलिस ने खुदकुशी के मामले की जांच शुरू कर दी है। कंपू स्थित सेकंड बटालियन पेट्रोल पंप के पास पानी की टंकी है। कुछ समय पहले ही यह टंकी बनी है। इसकी ऊंचाई करीब 40 फीट के लगभग है। गुरुवार रात एक महिला पानी की टंकी पर चढ़ी



और ऊंचाई पर पहुंचकर उसने नीचे की ओर छलांग लगा दी। नीचे मिट्टी और पत्थर पड़े हुए थे। गिरते ही महिला की मौत हो गई। महिला के जमीन पर गिरते ही तेज धमाके जैसी आवाज आई। इस पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। कंपू थाना पुलिस स्पॉट पर पहुंची। मौके पर महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। शव को डेड हाउस में रखवा दिया था। शुक्रवार सुबह टंकी से कूदने वाली महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक मुरार के त्यागीनगर निवासी 28 वर्षीय मनीषा पत्नी अरविंद गुर्जर निकली हैं।

### दो साल से झेल रही थी दहेज प्रताड़ना

मनीषा के बारे में पता लगा है कि उसका मायका थाटीपुर में है। दो साल पहले उसकी शादी त्यागी नगर निवासी अरिवंद से हुई थी। अरविंद अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। शादी के बाद से ही मनीषा के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। वह अपने मायके वालों को सच्चाई नहीं बता पा रही थी और ससुराल वाले जीने न हीं दे रहे थे।

### गुरुवार दोपहर घर से निकली थी

मृतका मनीषा गुरुवार दोपहर 12 बजे अपने ससुराल से बिना बताए निकली थी। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं था। ससुराल वालों ने उसकी तलाश की। जब पता लगा कि वह मायके भी नहीं पहुंची है तो मुरार थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। अभी पुलिस उसकी तलाश कर रही थी तभी गुरुवार रात उसने टंकी से कूदकर जान दे दी। कंपू थाना प्रभारी एसएस सिकरवार ने बताया कि महिला ने पानी की टंकी से कूदकर जान दी। शिनाख्त हो गई है। पड़ताल को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### 1000 बिस्तरों के अस्पताल का नाम स्व.माधवराव सिंधिया के नाम पर रखने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन

**ग्वालियर।** जिले के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट के प्रथम नगर आगमन पर श्रीमंत माधवराव सिंधिया नामकरण विकास समिति के पदाधिकारियों व अध्यक्ष संजय दिक्सित एडवोकेट एवं मीडिया प्रभारी अनिल पुनियानी व महेन्द्र भदकारिया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम के पश्चात समिति के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को ग्वालियर में निर्माणधिन 1000 बिस्तरों के अस्पताल का नाम कैलाश वासी श्रीमंत स्व. माधवराव सिंधिया के नाम पर रखने हेतु ज्ञापन दिया , जिसपर प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस केबिनेट की बैठक में रखकर चर्चा कर पास करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर श्रीमंत माधवराव सिंधिया नामकरण समिति एवं ग्वालियर व्यापारी संघ के पदाधिकारि मौजूद थे।

# क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर जनमित्र केन्द्र स्थानांतरित होने से वार्ड-1, 4 व 5 के नागरिकों को होगी सुविधा : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-3 से जनमित्र केन्द्र को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-1 पर स्थानांतरित हो जाने से क्षेत्रीय नागरिकों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए अब विनय नगर में बने क्षेत्रीय कार्यालय पर नही जाना पडेगा। पहले वार्ड 1, 4 व 5 के क्षेत्रीय नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण व मूलभूत सुविधाओं का लाभ लेने के लिए विनय नगर क्षेत्रीय कार्यालय-7 पर बने जनमित्र केन्द्र पर जाना होता था, अब वह बहोडापुर पर ही अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर बने हुए जनमित्र केन्द्र के कमरे का लोकार्पण करते हुए कहा कि सरकार की मंशानुसान आमजन को उनके नजदीक ही मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले इसी तारतम्य में आज से क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-1 पर जनमित्र केन्द्र का शुभारंभ



किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनमित्र केन्द्र बहोडापुर पर आ जाने से जाटव पुरा, बरागांव, लक्ष्मीपुरम, किशन बाग, रेशमपुरा, बदनापुरा, मोतीझील, चंदन नगर, आनंद नगर, पंचवतटी कॉलोनी, जाधवपुरा आदि क्षेत्र के नागरिकों को पहले विनय नगर जाना पडता था, वहां के लिए कोई साधन न होने के कारण आने-जाने में नागरिकों को काफी परेशानी होती थी। परंतु उनकी सुविधा के लिए उनके नजदीक ही जनमित्र केन्द्र आ जाने से उनको काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्री जगत सिंह कौरव, नगर निगम सीसीओ श्री सुशील कटारे, सीओ श्री एपीएस जादौन सहित क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।












प्रशासन है मौन

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478